MPHIN/2021/83938

दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 171 | ग्वालियर,01 मार्च शुक्रवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

मुरैना से एमपी में प्रवेश कर सीएम के जिले से गुजरेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बताया कि दो मार्च को भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्य प्रदेश में प्रवेश करने वाली है, जिसे लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारी की जा रही है. प्रदेश के नए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के कार्यकाल में पहली बार राहुल गांधी का मध्य प्रदेश में आगमन हो रहा है. लोकसभा चुनाव के पहले निकल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा की कांग्रेस ने लंबे समय से तैयारी की है. भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है. जीतू पटवारी ने मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी सहित कई जिलों में यात्रा को लेकर बैठक और तैयारी को लेकर कांग्रेस नेताओं के साथ रणनीति बनाई है.

सीएम मोहन यादव कर रहे हैं ये दावा-भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पहले ही इस बात का जिक्र कर चुके हैं कि राहुल गांधी की यात्रा का मध्य प्रदेश के लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा. पहले भी राहुल गांधी ने यात्रा निकाली थी और इसके परिणाम सबके सामने है. भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहले ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटें बीजेपी के खाते में जाने का दावा कर रहे हैं.

इन जिलों से गुजरेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा-प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता केके मिश्रा ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्य प्रदेश में दो और मार्च को मुरैना में प्रवेश करते हुए विभिन्न इलाकों से गुजरेगी. मुरैना से भारत जोड़ो न्याय यात्रा ग्वालियर, शिवपुरी होते हुए गुना पहुंचेगी. गुना के बाद अगला पड़ाव शाजापुर होते हुए मक्सी और उज्जैन रहेगा. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गृह जिले उज्जैन से यात्रा का अगला पड़ाव धार जिला रहेगा. यहां के बदनावर होते हुए यह यात्रा रतलाम में प्रवेश करेगी. रतलाम के बाद सैलाना और फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा छह मार्च को राजस्थान में प्रवेश कर जाएगी.

एमपी के इन दो जिलों में कोविड-19 के नए मरीज मिले, 47 डिस्ट्रिक्ट कोरोना मुक्त

मध्य प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या पर सरकार लगातार नजर रख रही है. स्वास्थ्य विभाग का अमला भी पॉजिटिव मरीजों को लेकर गंभीर है. पिछले 24 घंटे की बात की जाए तो एमपी में दो नए मरीज सामने आए हैं. इनमें एक मरीज इंदौर में सामने आया है जबकि दूसरा जबलपुर का रहने वाला है. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में कोरोना के सबसे ज्यादा पॉजिटिव मरीज इंदौर में मौजूद हैं, जिनका आंकड़ा छह है. अभी मध्य प्रदेश में कोरोना के 10 पॉजिटिव मरीज मौजूद हैं.

81 मरीज के लिए गए थे सैंपल-इसके अलावा शेष सभी जिलों में एक-एक मरीज मौजूद हैं. वर्तमान में मध्य प्रदेश में जबलपुर, बड़वानी , भोपाल , सीहोर और इंदौर में पॉजिटिव मरीज मौजूद हैं. शेष सभी जिले कोरोना से मुक्त हैं. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 81 मरीज के सैंपल टेस्टिंग के लिए लैब भेजे गए थे. इनमें से 79 मरीजों की

रिपोर्ट निगेटिव आई, जबकि दो मरीज पॉजिटिव के रूप में सामने आए. इसके अलावा पिछले 24 घंटे में एक मरीज ठीक होकर घर पहुंचा है.

चिकित्सकों की सलाह-कोरोना मामलों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर रौनक एलची के मुताबिक वर्तमान में मध्य प्रदेश में कोरोना की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है. आम लोगों द्वारा आने वाले समय में भी कोरोना की गाइडलाइन का पालन किया जाता है तो निश्चित रूप से जल्द ही मध्य प्रदेश कोरोना मुक्त हो जाएगा. अभी भी सबसे राहत वाली बात यह है कि कोरोना से मौत के आंकड़े में बढ़ोतरी नहीं हुई है. अभी भी मध्य प्रदेश में कोरोना से मरने वालों की संख्या 10786 पर ही रुकी हुई है. गौरतलब है कि कोराना महामारी से भारत समेत दुनियाभर में लोगों की मौतें हुईं. भारत में कोराना का पहला मामला केरल में मिला था.

4 मार्च को मंत्रियों के साथ अयोध्या जाएंगे सीएम मोहन यादव, कैबिनेट करेगी रामलला के दर्शन

अयोध्या के भव्य और दिव्य राम मंदिर में विराजे भगवान रामलला के दर्शन करने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट भी चार मार्च को जा रही है. प्रदेश सरकार की तरफ से जन्मभूमि ट्रस्ट को कार्यक्रम भेज दिया गया है. उल्लेखनीय है कि, इस साल 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी. भगवान रामलला के दर्शन के लिए देश भर से श्रद्धालु उमड़ रहे हैं. अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब दर्शन के लिए हर कोई आतुर है. पूरे देश भर से रामभक्त भगवान के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं. ऐसे में दर्शन व्यवस्थाओं में परेशानी आ रही है, जिसे देखते हुए यूपी

की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अयोध्या आने से पहले वीआईपी जानकारी देने की अपील की थी.**मध्य प्रदेश के मंत्रिमंडल को चार मार्च का समय था निर्धारित**-इसमें मध्य प्रदेश के मंत्रीमंडल को दर्शन के लिए चार मार्च का समय निर्धारित किया गया था, जबकि त्रिपुरा कैबिनेट को 31 जनवरी, उत्तर प्रदेश कैबिनेट को एक फरवरी, उत्तराखंड कैबिनेट को दो फरवरी, महाराष्ट्र कैबिनेट को पांच फरवरी, अरुणाचल प्रदेश सरकार की कैबिनेट को छह फरवरी, हरियाणा कैबिनेट को नौ फरवरी, राजस्थान कैबिनेट को 12 फरवरी, गोवा कैबिनेट को 15 फरवरी, असम कैबिनेट को 22 फरवरी और गुजरात कैबिनेट को 24 फरवरी की तारीख दी गई थी. मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट अपने निर्धारित तारीख अनुसार चार मार्च को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाएगी.

व्यापम घोटाले में दो डॉक्टरों को चार-चार साल की सजा, ग्वालियर की स्पेशल कोर्ट ने सुनाया फैसला

मध्य प्रदेश के बहुचर्चित व्यापम घोटाले में पहली बार दो डॉक्टरों को चार-चार साल कारावास की सजा सुनाई गई है. विशेष न्यायालय (सीबीआई, ग्वालियर) अजय सिंह ने प्री-पीजी परीक्षा में फर्जीवाड़े में दोषी पाए जाने पर डॉ. आशुतोष गुप्ता और डॉ. पंकज गुप्ता को 4-4 साल की सजा सुनाई है. अलग-अलग धाराओं में दोनों आरोपी पर 13 हजार 100 का जुर्माना भी लगाया गया है. माना जा रहा है कि ये पहला अवसर है, जब व्यापम के किसी केस में सीबीआई के विशेष न्यायालय ने एक साथ दो डॉक्टरों को सजा दी है.इस केस की एक खास बात ये है कि प्री-पीजी परीक्षा में फर्जीवाड़े का खुलासा 2015 में पुलिस को भेजे गए एक गुमनाम पत्र से हुआ था. मुरैना निवासी कथित समाज सेवक मंगू सिंह के नाम से लिखे गए पत्र में बताया गया था कि 2009

में आयोजित प्री- पीजी परीक्षा में डॉ. आशुतोष गुप्ता के स्थान पर सॉल्वर ने परीक्षा दी थी. सॉल्वर की व्यवस्था डॉ. पंकज गुप्ता के माध्यम से की गई थी. हालांकि, पुलिस मंगू सिंह को आज तक ढूंढ नहीं पाई है. वहीं, फैसले वाले दिन डॉ. आशुतोष गुप्ता (निवासी ग्वालियर) गैरहाजिर रहे. कोर्ट ने उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वारंट जारी कर दिया है. दूसरी ओर, डॉ. आशुतोष के स्थान पर प्री-पीजी परीक्षा देने वाले सॉल्वर को भी ढूंढने में पुलिस असफल रही.विशेष लोक अभियोजक भारत भूषण शर्मा के मुताबिक 12 अप्रैल 2009 को जबलपुर में आयोजित प्री-पीजी परीक्षा में डॉ. आशुतोष गुप्ता के स्थान पर सॉल्वर ने परीक्षा दी थी.सॉल्वर का प्रबंध डॉ. पंकज गुप्ता के माध्यम से सुरेंद्र वर्मा ने कराया था. इस काम के एवज में डॉ. आशुतोष ने कुल 15 लाख रुपए दिए थे. इसमें से 30 हजार रुपए डॉ. पंकज गुप्ता ने कमीशन के रूप में रखे और शेष राशि सुरेंद्र वर्मा को दी थी

भाटसन पे सेंटर स्कूल में लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

आज से शुरू होने वाले प्रशिक्षण में विद्यार्थिनीयों को आत्मरक्षा के तहत जूडो-कराटे के दांव-पेंच, करतब और आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकें सिखाई जाएंगी- प्रशिक्षक निराली पटेल

दैनिक पुष्पांजली टुडे पाटन

/गुजरात। सरस्वती तालुका के भाटसन स्कूल में कक्षा छह से आठ तक पढ़ने वाली सभी लड़कियों के लिए आज से आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है, जिसमें लड़कियों को आत्मरक्षा के तहत विभिन्न रक्षा तकनीकें सिखाई जाएंगी। आज से शुरू हुए प्रशिक्षण में बुनियादी आत्मरक्षा तकनीक सिखाई गईं। प्रशिक्षक निराली पटेल ने कहा कि कुछ परिस्थितियों में जब स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियां मुसीबत में आ जाती हैं तो आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त लड़कियां उस स्थिति का सामना करने के लिए आसानी से अपना बचाव कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रिंसिपल और शिक्षकों का भरपूर सहयोग देखने को मिला है। आचार्य शैलेशभाई सुथार ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, वहीं विद्यालय के शिक्षक श्री नीलेश श्रीमाली ने बताया कि जूडो एवं कराटे का ज्ञान बालिकाओं के लिए भविष्य में बहुत उपयोगी है।

दबोह में 1 करोड़ 76 लाख के निर्माण कार्यो का हुआ वर्चुअल लोकार्पण

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

दबोह- गुरुवार को नगर परिषद दबोह में वर्षो से रुका विकास का पहिये दौड़ा।जिस दौरान नगर की सबसे महत्वपूर्ण जगहों में सौंदर्यीकरण कार्यो का शिलान्यास किया गया।आपको बता दें कि यह शिलान्यास 29 फरवरी गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से वीसी के माध्यम से एवम महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल,मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव,उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा,उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल,नगरीय विकास एवम आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय,सांसद संध्या राय,विधायक लहार अम्बरीष शर्मा(गुड्डू भैया),नप अध्यक्ष विमला नरेंद्र दुधारिया व उपाध्यक्ष चौधरी हाकिम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।जिसमें वर्षो से नगर की पहचान बरड़रार रखने वाले करधेन तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ 27 लाख व मरघट सौंदर्यीकरण के लिए 49 लाख रुपये के विकास कार्यो का शिलान्यास किया गया।

वर्षो से विकास को तरस रहा था करधेन तालाब-दबोह नगर का करधेन तालाब जिले के सबसे बड़े तालाबो में दूसरे नम्बर पर आता है परंतु आज तक यह वर्षो से विकास के लिए आंसू बहा रहा था।जिसके विकास कक नींव गुरुवार को रखी गई।आपको बता दें कि लहार विधानसभा सीट पर लगातार कॉग्रेस का कब्जा होने ने नगर दबोह में विकास का पहिया रुका पड़ा था।जिसे लहार में भाजपा विधायक बनने के बाद दौड़ाया गया।

नगर परिषद दबोह ने शिलान्यास कार्यक्रम का बनाया मजाक,जिम्मेदार मौके पर नही-दरअसल हमेसा अपनी कार्यशैली के लिए चर्चित रहने वाली नगर परिषद दबोह ने गुरुवार को हुए विकास कार्यो के शिलान्यास कार्यक्रम में भी मजाक बनाने में कोई कसर न छोड़ी।आपको बता दें कि गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वीसी के माध्यम से दबोह नगर परिषद में विकास कार्यो का शिलान्यास किया गया।जिसमें लगे बैनर में नगर परिषद द्वारा 1 करोड़ 74 लाख की राशि के शिलान्यास कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया।वहीं आधार शिला पर करधेन तालाब के लिए 127 लाख व मरघट के लिए 49 लाख यानि कि 1 करोड़ 76 लाख की राशि का शिलान्यास किया गया।नगर परिषद की इतनी बड़ी लापरवाही समझ से परे है।फिलहाल यह भी बता दें कि आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में सीएमओ महोदय भी अनुपस्थित रहे क्यों कि सीएमओ महोदय पर अन्य नगर पालिका का भी प्रभार है जिसकी वजह से वह सप्ताह के 1-2 बार ही दबोह परिषद में अपनी आमद देते हैं और बांकी के दिन नगर परिषद भगवान भरोसे चलती है।आपको बता दें कि अपनी लापरवाही के लिए दबोह नगर परिषद लगातार चर्चित रहती है क्यों कि यहां पर जिम्मेदारो को अपनी जिम्मेदारी से कोई लेना देना नही है।

जिम्मेदारो को नही है सही जानकारी-नगर परिषद दबोह में कितनी राशि के शिलान्यास हुए है यह तो अब पता लगाना बेहद मुश्किल हो गया है क्योकि जब इस बारे में फोन से मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप ताम्रकार से जानकारी ली है तो उनका कहना था कि कुल 1 करोड़ 74 लाख का शिलान्यास हुआ है।जिसमे 1 करोड़ 25 लाख करधेन तालाब व 49 लाख मरघट का शामिल है।वहीं दबोह नगर परिषद उपयंत्री हरिप्रताप से फोन पर जानकारी ली गई तो उनका कहना है कि 1 करोड़ 76 लाख की राशि का शिलान्यास हुआ है।आगे उन्होंने कहा की बैनर छपते समय गलती हो गई होगी।वहीं इस बारे में जब भाजपा के वार्ड नम्बर 08 के पार्षद लालता कुशवाह से जानकारी ली गई तो उनका कहना है कि कुल 1 करोड़ 76 लाख के विकास कार्यो का शिलान्यास किया गया।आगे उन्होंने नगर परिषद में जिम्मेदारो की गलती बताई है।

इनका कहना

1-एक करोड़ 74 लाख का शिलान्यास हुआ है।

प्रदीप ताम्रकार
सीएमओ

2-कुल 1 करोड़ 76 लाख की राशि का शिलान्यास किया गया।हो सकता है बैनर छपने पर कोई गलती हो गई हो।

सिंह
उपयंत्री नगरीय प्रशासन
नगर परिषद दबोह

विज्ञान में ज्ञान छिपा है: सुनील दुबे

विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के निर्देशन में चौधरी रूप नारायण दुबे

समाज कल्याण समिति भिंड द्वारा *विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक*विषय को लेकर विज्ञान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में समाजसेवी सुनील दुबे ने कहा कि स्वदेशी तकनीकी उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देकर हम अपनी आत्मनिर्भरता को मजबूत कर सकते हैं। स्वदेशी तकनीक उत्पादन विशेष रूप से अर्थ व्यवस्था को मजबूत और स्थिर बनाने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान के बिना हमारी जिंदगी में कुछ नहीं है। विकसित भारत का सपना पूरा करने में विज्ञान और तकनीकी का महत्वपूर्ण योगदान है। श्री अरविंद यादव कृषि विशेषज्ञ ने कहा कि जन जन तक विज्ञान को पहुंचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को निकालकर समाज के पटल पर लाना होगा। नेहरू युवा केन्द्र के अंकित दुबे ने कहा यदि युवाओं और बच्चों को सही दिशा व प्लेटफार्म मिले तो हमें कई वैज्ञानिक निकलेंगे। कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं, बच्चों ने सहभागिता कर विज्ञान के महत्व को समझा।

बाबा फखरूद्दीन दरगाह परिसर पर ठीकरी जिला बड़वानी में मुख्यमंत्री कन्यादान सामुहिक विवाह सम्मेलन में 23 जोड़ों के आलावा 8 ऐस्ट्रा जोड़ों का निकाह किया गया

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

समाज के रिति-रिवाजों से गरीब परिवारों के निकाह हुआ है ताकि गरीब परिवार फिजुल खर्च से बचे मुख्यमंत्री कन्यादान सामुहिक विवाह सम्मेलन निकाह आयोजन नगर परिषद ठीकरी जिला बड़वानी में 23 जोड़ों के आलावा 8 ऐस्ट्रा जोड़ों का निकाह किया गया बाबा कमेटी के सदर मुस्ताक शाह ठीकरी के एवं बाबा कमेटी के तमाम सदस्य एवं बड़वानी जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष चिराग खान रफीक थोबाइत उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया की मुख्यमंत्री कन्यादान सामुहिक विवाह सम्मेलन निकाह में 23 जोड़ों के आलावा 8 ऐस्ट्रा जोड़ों का निकाह किया गया बाबा कमेटी ठीकरी की और से सभी दुल्हा-दुल्हन को एक एक गोदरेज अलमारी पलंग बिस्तर के आलावा 21 बर्तन सभी बारातियों को खाना भी खिलाया गया व शासन की ओर से जो मिलने वाली साहयता राशि नियमनुसार मिलेगी ठीकरी मुस्लिम नायता समाज के सदर सलीम खान भी उपस्थित रहे खरगोन जिले के ऊन से हाजी अब्दुल सत्तार हेडसाहब की ओर से सभी दुल्हा-दुल्हन को खिदमत के लिए पढ़ने के लिए दिया गया साधन इसी दौरान नगर परिषद ठीकरी की पार्षद वंदना राठौड़ द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होकर दुल्हा-दुल्हन को आशिर्वाद दिया और पिने के पानी का जंग दिया गया बाबा कमेटी ठीकरी नासीर शाह मंडल अध्यक्ष तसलीम खान अरीफ खान निजाम बाबा कुल्फी वाले हबीब खान कसरावद से शामिल हुए पूर्व पार्षद तसलीम खान बाबा कमेटी के समस्त सदस्यों द्वारा बहुत ही अच्छा काम किया गया खिदमत कमेटी ठीकरी ने भी अधिक समय देकर काम किया सामुहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाया

भीड़ में एक चेहरा हर गरीब व्यक्ति की दबी हुई आवाज शासन प्रशासन तक पहुंचाना मेरा कर्तव्य : राजेश बर्डे

18 वर्ष की उम्र में जिला प्रभारी और 19 वर्ष की उम्र में राष्ट्रीय सचिव राजेश बर्डे ।

खरगोन जिले से मुन्ना खान
ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

खरगोन।- हर कोई अपने काम में व्यस्त हैं तो कोई अपने समाज की और ध्यान नहीं दे रहे हैं, लेकिन राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा संगठन के राष्ट्रीय सचिव राजेश बर्डे हर गरीब लोगों की दबी हुई आवाज उठाने का काम कर रहे हैं, राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा संगठन सर्व सामाजिक संगठन हैं और राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा संगठन किसी भी धर्म या जाति नहीं देखता, अगर किसी भी धर्म जाति समुदाय के लोगों के साथ अन्याय अत्याचार होता हैं तो वहां पर राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा संगठन के साथी पहुंच जाते हैं।एक ऐसा ही चेहरा सामने आया हैं जो की समाज के लिए रात दिन एक कर दिए राजेश बर्डे।

राष्ट्रीय सचिव राजेश बर्डे हर अन्याय,अत्याचार,शोषण, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।

खरगोन पुलिस की चोर गिरोह के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

कोतवाली पुलिस खरगोन ने पुलिस रिमान्ड प्राप्त कर गिरफ्तारशुदा आरोपियों से पूछताछ मे किए अन्य चोरियों के खुलासे

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो
चीफ पुष्पांजलि टुडे

03 आरोपियों के कब्जे से किया चोरी का मशरुका जप्त

जप्तशुदा मशरुके की कीमत लगभग 3,82,000 रुपये

पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह द्वारा जिला खरगोन में हो रही चोरी एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाकर अज्ञात आरोपियों की पतारसी व शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिये गये थे । पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) खरगोन श्री मनोहर बारिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) खरगोन तरुणेन्द्रसिंह बघेल के मार्गदर्शन मे समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारीयों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे थाना कोतवाली खरगोन पुलिस टीम व्दारा चोरी करने वालों गैंग के विरुध्द कार्यवाही की गई है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण:-दिनांक 10.09.23.2023 को फरियादी शंकरसिह निवासी अनमोल नगर खरगोन ने थाना हाजिर आकर रिपोर्ट किया कि अज्ञात बदमाश फरि के सुने घर में घुसकर अलमारी में रखे सोने चाँदी आभुषण एवं नगदी 1,20,000 रुपये के चोरी कर ले गये रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 533/2023 धारा 457,380 भादवि

एवं फरियादी योगेश पिता सुखदेव अत्रे निवासी नर्मदा नगर खरगोन के सुने मकान का दरवाजे का ताला तोडकर घर में प्रवेश कर सोने चाँदी के जेवरात कुल किमती 1,82,00 रुपये के चोरी कर ले गये रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 672/2023 धारा 457,380 भादवि का अज्ञात आरोपी के विरुद्ध कायम कर विवेनचा में लिया गया ।

प्रकरण में विवेचना के दौरान थाना गोगावा से प्राप्त सूचना पर आरोपीयो 01- अकलीम उर्फ भय्यु पिता युनुस खान 02- एजाज पिता अय्युब खान दोनो निवासीयान गोगावा 03- सुभाष पिता पुनमचंद सेन निवासी दयालयपुरा गोगावा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय से पीआर प्राप्त कर पुछताछ के दौरान फरियादी ङ्क योगेश पिता सुखदेव अत्रे निवासी नर्मदा नगर खरगोन के सुने मकान में ताला तोडकर सोने चाँदी आभुषण चोरी करना स्वीकार किया व तीनो आरोपीयो के कब्जे से सोने चाँदी के जेवरात जप्त किये गये व पुछताछ करने पर फरियादी शंकर सिग पिता गोकुलसिग बडोले निवासी अनमोल नगर खरगोन के यहाँ सोने चाँदी के आभुषण चोरी करना स्वीकार किया पुलिस टीम के द्वारा उक्त दोनों अपराधों मे कीमत लगभग 3,82,000/- रुपये जप्त कर आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

गिरफ्तार आरोपियो के नाम -

1.अकलीम ऊर्फ भययू ऊर्फ मुन्ड़ना पिता युसूफ जाति मुसलमान उम्र 25 साल निवासी बिलाल मस्जिद खरगोन थाना कोतवाली हाल शाहपुरा थाना गोगांवा

2.सुभाष पिता पुनमचंद सेन 32 साल निवासी दयालपुरा थाना गोगांवा

3एजाज पिता अयुब जाति मुसलमान उम्र 36 साल निवासी शाहपुरा थाना गोगांवा

पुलिस टीम -उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग खरगोन श्री रोहित लखारे, थाना प्रभारी निरीक्षक बनवारी लाल मण्डलोई, उनि. अजय दुबे, सउनि दिलीप ठाकरे, श्रीराम भुरिया,प्रआर कोटवाल डावर, इन्द्रपालसिग, आर. रविन्द्र जाधव, दीपक सिकरवार,मुकेश मण्डलोई, अजय सिरोही, राहुल पाटीदार, रेमनु जमरे, रमेश मण्डलोई, मुकेश मालवीया का सराहनीय योगदान रहा ।

तेज हवा आंधी और बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं मक्का फसल को बड़ा नुकसान, मुआवजे की मांग...

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

टाण्डा बरुड़। यहाँ व भी आसपास क्षेत्र के गांवों में सायंकाल करीब 4 बजे के बाद करीब 20 मिनट तक तेज हवा आंधी ओले व गरज के साथ बेमौसम हुई बारिस ने किसानो का गड़ीत ही बिगाड़ दिया है। क्षेत्र में कुछ ही देर ही हुई बारिश ने बहोत कुछ तबाह कर दिया। बारिस के साथ चली हवा आंधी ने खड़ी गेहूं, चना, व मक्का फसल को खेतो में चादर की तरह बिछा दिया। क्षेत्र के किसान जब अपने खेतों में पहुचे ओर अपनी फसल को देखा तो किसान भाईयों की आखों से आंसू बहने लगे देवली के कृषक दशरथ राठौड़ जिन्होंने अपने खेत की पांच एकड़ जमीन मे चना, मक्का, व गेहूं फसल लगाई है। जिसमें इस किसान की दो एकड़ में लगी चना फसल, व दो एकड़ में मक्का फसल लगी थी। जो इस तेज हवा आंधी और बारिश से पूरी तरह खेत में बिछ गई। कृषक राठौड़ का कहना है। कि मेरा सब कुछ तबाह हो गया। ऐसी अब कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है कि यहां से अब मुझे कुछ मिल सके। और उसकी आंखों से बरबस ही आंसू बहने लगे, कृषक पवन गेहलोद जिसने देड़ एकड़ में मक्का लगाई थी वही भूपेंद्र गेहलोद जिसने अपने खेत मे तीन एकड़ में मक्का लगाई थी। वह भी पूरी तरह खेत मे बिछ गई। क्षेत्र के कृषकों का कहना है कि गेहूं व फसल मक्का को अधिक नुकसान पहुंचा है। अधिकांश किसानों ने मक्का गेहूं की फसल ही लगाई है। इसी तरह टांडा बरुड़ कृषक रफीक मोहम्मद शेख, हमीद शेख, रशीद शेख जिनका तीन तीन एकड़ में लगा गेहूं चादर की तरह खेत मे बिछ गया क्षेत्र के ऐसे सैकड़ों किसान है जो इस आंधी तूफान की चपेट में आने से भारी नुकसान होने की जानकारी मिली है। कृषको ने शीघ्र ही क्षेत्रीय पटवारी से खेतों का मुआयना एवं फसल नुकसानी के सर्वे की मांग कर मुआवजे की मांग की है। कृषक वर्ग का कहना है कि मानो ईश्वर ने जैसे हमारे आगे की थाली छिन ली हो। मानना है। क्षेत्र में इस बार गेहूं चने की फसल अच्छी थी। लेकिन इस काल ने फिर एक बार किसानों को बर्बाद करके रख दिया। आसपास क्षेत्र के ग्राम रोमचिचली, कोठाखुर्द, बड़ीकोठा, उमरखली में भी तेज हवा आंधी ओर बारिश ने गेहूं चने व मक्का फसल को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। कृषक कमल चंद कुमरावत, हरिश्चंद्र कुमरावत, लिटिल कुमरावत, अनिल कुशवाह, आदि का कहना है। खेतों में गेंहू, मक्का फसल को आड़ी देख किसान इस समय बड़ा परेशान ओर चिंतित हो गया है। चित्र किसान के खेत में खड़ी मक्का की फसल जो चादर की तरह बिछ गई।

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत सामूहिक विवाह समारोह आज मऊगंज में

रीवा(पुष्पांजली टुडे)

।मुख्यमंत्री कन्यादान तथा निकाह योजना से पात्र कन्या को विवाह के लिए राशि का चेक दिया जाता है। कन्या का विवाह परंपरा के अनुसार विधि विधान से सामूहिक विवाह समारोह में संपन्न कराया जाता है। जिले भर में नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज एक मार्च को मऊगंज में सामूहिक विवाह होंगे।

प्रधानमंत्री ने 16961 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

प्रदेश की सभी तहसीलों में साइबर तहसील का हुआ शुभारंभ

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। विकसित भारत विकसित मध्यप्रदेश के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश में 16961 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने जिले में साइबर तहसीलों का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने उज्जैन में स्थापित विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रीवा जिले में 141.20 करोड़ की लागत के 202 कार्यों का शिलान्यास भी हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम टाउनहाल में आयोजित किया गया। इसके साथ-साथ सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में भी लोकार्पण और शिलान्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन के सजीव प्रसारण को बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने सुना । इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राज्यों के विकसित होने से ही भारत विकसित होगा। मध्यप्रदेश आज विकास की संकल्प यात्रा से जुड़ा है। यहाँ डबल इंजन की सरकार से विकास के नित नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश मेक इन इण्डिया का मजबूत संकल्प बनने की ओर अग्रसर है। हमारा एमपी अजब है और गजब है। यहाँ अधोसंरचना विकास के साथ-साथ सिंचाई सुविधाओं से नई क्रांति आ रही है।प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने का संकल्प लेकर कार्य किया जा रहा है। बीते दो दशकों में मध्यप्रदेश में विकास के लिए उमंग का वातावरण बना है। यहाँ गति व प्रगति के साथ सभी क्षेत्रों में कार्य हो रहे हैं। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए किसानों को पशुपालन, मधुमक्खी पालन, डेयरी उद्योग तथा उद्यानिकी जैसी गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। मध्यप्रदेश देश में अग्रणी औद्योगिक राज्य बनने की ओर अग्रसर है। यहाँ शहरों के साथ-साथ गांवों में भी लोगों की आमदनी बड़ाने के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। रेल व सड़क मार्गों की कनेक्टिविटी बड़ने से मध्यप्रदेश विकास की नित नई ऊँचाईयाँ छू रहा है और डबल इंजन सरकार से आने वाले समय में भी यह प्रदेश उच्चतम पायदान पर होगा। आने वाले पाँच वर्षों में महिला सशक्तिकरण के कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आपके सपने ही हमारा संकल्प है। भोपाल में लाल परेड ग्राउण्ड में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल की उपस्थिति में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्वागत उद्बोधन में प्रधानमंत्री श्री मोदी का प्रदेश को दी जाने वाली सौगातों के लिए ह्मदय से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में प्रदेश विकास के नित नए सोपान तय कर रहा है। गांव के विकास के साथ-साथ शहरी विकास व रोजगार की नई संरचना भी स्थापित हो रही है। प्रदेश में आधुनिक विकास के साथ सांस्कृतिक व धार्मिक विकास के कार्य समान भाव से कराए जा रहे हैं। उन्होंने अपेक्षा की कि प्रधानमंत्री जी का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्रदेश को सदैव मिलता रहेगा। भोपाल के कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, श्री जगदीश देवड़ा सहित मंत्रीगण, सांसद व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम टाउन हाल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश में अंतिम छोर तक के व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से योजनाएं संचालित की जा रही हैं। विगत 10 वर्षों में प्रदेश विकास के नित नए आयाम छू रहा है। रीवा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के कुशल नेतृत्व में 22.20 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन आज संपन्न हुआ जिसमें 10.16 करोड़ के कार्य नगर निगम क्षेत्र के हैं। जिले में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है तथा अधोसंरचना निर्माण के कार्य तीव्र गति से कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह, स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण, पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं को भी लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने दिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में आयुक्त रीवा संभाग गोपालचन्द्र डाड, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ अजय सिंह, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा सहित पार्षदगण, अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ल और अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में आमजन व हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद ज्योति सिंह ने किया।

मुख्यमंत्री आज उज्जैन से जारी करेंगे लाड़ली बहना योजना की राशि

कलेक्टर ने लाड़ली बहना योजना का कार्यक्रम आयोजित करने के दिए निर्देश

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित लाड़ली बहना योजना की किस्त एक मार्च को जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में योजना की राशि सिंगल क्लिक से जारी करेंगे। कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया गया है। जिले के सभी नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दूरदर्शन एवं लाइव वेबकास्ट से दिखाया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधित अधिकारियों को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि लाड़ली बहना योजना का कार्यक्रम प्रत्येक नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत में आयोजित करें। इन कार्यक्रमों में योजना से लाभान्वित महिलाओं, लाड़ली बहना सेना तथा शौर्या दल की सदस्य, लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाओं एवं महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित करें। उत्सव के रूप में पूरा कार्यक्रम आयोजित करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों की भी कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करें। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के पूर्व स्थानीय स्तर पर लोकगीतों, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करके वातावरण का निर्माण कराएं। इन कार्यक्रमों के अच्छी गुणवत्ता के फोटो तथा वीडियो वेबसाइट सीएम इवेंट्स डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर अपलोड कराएं। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया है।

दो दिवसीय रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन आज से उज्जैन में जिला स्तरीय कार्यक्रम चोरहटा में

रीवा(पुष्पांजली टुडे) ।विकसित मध्यप्रदेश बनाने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा औद्योगिक विकास एवं रोजगार बड़ाने के उद्देश्य से एक एवं दो मार्च को उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 169 उद्योगपतियों को 6774 करोड़ की भूमि आवंटित की जायेगी। आठ हजार करोड़ से अधिक के उद्योगों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन होगा। जिससे प्रदेश में 17000 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। औद्योगिक सम्मेलन का शुभारंभ समारोह कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन परिसर में होगा। इस अवसर पर बायर एवं सेलर मीट का आयोजन कार्यकम भी होगा जिसमें 662 बायर व 2553 सेलर भाग लेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाईयों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम किया जायेगा। एमपी इन्डस्ट्रियल डवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय रीवा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र रीवा एवं गुड़ में स्थापित इकाईयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम जिला स्तरीय आयोजन में शाखा कार्यालय पानी की टंकी के पास चोरहटा में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्र तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल होंगी। कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी ने बताया कि रीवा जिले के औद्योगिक क्षेत्र उद्योग विहार चोरहटा रीवा की मेसर्स प्रकाश ओवरसीज प्रा.लि., मेसर्स राजेश तिवारी, मेसर्स राजकुमार चावला, मेसर्स विजय बुधवानी, मेसर्स सात्विक इंटरप्राइजेज, मेसर्स लक्ष्मी मेटल एण्ड सेनीटेसन, मेसर्स ख्याति पॉलीवेव प्रा. लिमि. एवं औद्योगिक पार्क गुड़ एवं रीवा की मेसर्स दिव्य आहार फूड प्राइवेट लिमि. मेसर्स मॉ कृपा इंडस्ट्रीज प्रा.लि. मेसर्स कमल फिलिंग स्टेशन कुल 10 इकाईयों में से 7 इकाईयों के भूमिपूजन एवं 3 इकाईयों का लोकार्पण होगा। जिसमें कुल 49.14 करोड़ का पूँजी निवेश एवं 196 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा

बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर कन्या भोज कराया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । 17 वी बटालियन परिसर में शिव मन्दिर मे भोलेनाथ जी की शादी की वर्षगाँठ बड़ी धूमधाम से बनाई गई। जिसमे समाजसेवी जितेंद्र सिंह यादव के परिवार ने भोले नाथ की वर्षगांठ मानने में मुख्य भूमिका निभाई ,भोलेनाथ का जलाभिषेक,पुष्प श्रृंगार एवं भस्म से सजाया गया ।पूजा अर्चना के बाद कन्या भोज कराया गया । श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना की, कि बाबा अपनी कृपा सभी भक्तोंजनों पर बनाए रखें। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित हुए।

सेवानिर्वित हो रहे विभागीय कर्मचारी से मिले केन्द्रीय मंत्री सिंधिया बोले काम से हमेशा जुड़े रहना

महेन्द्र शर्मा उप सम्पादक पुष्पांजलि टुडे

दिल्ली। आज दिल्ली में नागर विमानन मंत्रालय में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एक अलग अंदाज़ में नज़र आए। अपने दफ्तर में सेवानिर्वित हो रहे विभागीय कर्मचारी अटेंडेंट श्रीपाल की नौकरी के आखिरी दिन वह न केवल अटेंडेंट श्रीपाल से मिले, बल्कि भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने बातचीत के दौरान श्रीपाल को काम से जुड़े रहने की प्रेरणा दी और उनके तीन दशकों के काम के बारे में जानकारी ली। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने श्रीपाल को एक शॉल भी भेंट किया। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के इस अंदाज ने अटेंडेंट की फेयरवेल पार्टी में एक नई ऊर्जा भर दी। ऐसे ही हैं केन्द्रीय मंत्री सिंधिया जो सबके दिल में बसते हैं।

ज्ञान, त्याग, और तपोबल के सागर आचार्य श्री विद्यासागर को पोहरी मे दी विनयांजलि

श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर किले अंदर मे आयोजित हुआ कार्यक्रम

दिगम्बर जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज 18 फरवरी को ब्रह्मलीन हो गए थे। उन्होंने विधिवत सल्लेखना धारण कर डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन तीर्थ में देह त्यागा था। इसके बाद उनके अनुयायियों ने यहीं पर आचार्य श्री का अंतिम संस्कार किया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति मे जैन समाज के योगेंद्र जैन पत्रकार ने बताया कि 25 फरवरी को देश प्रदेश सहित पोहरी नगर मे भी श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर किले अंदर पर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सम्मान में विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें जैन समाज के अलावा पोहरी नगर परिषद के पार्षद सहित जनप्रतिनिधि भी उपस्थिति रहेइसमें आचार्य श्री के चित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूबाद की इसी दौरान आचार्य श्री के जीवन पर एक एक करके सभी ने प्रकाश डाल एवं बताया की आचार्य श्री ने जीवन की शुरूबाद से ही जिन शासन की रहा पर चले है वो ज्ञान के सागर एवं त्याग की प्रतिमूर्ति थी

पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार के आदेश पर दुमका जिले के छः थाना में नए थाना प्रभारियों की पदस्थापना

जरमुंडी,जामा,रामगढ़,तालझारी, विश्व विद्यालय ओपी एवं महिला थाना दुमका को मिले नए थाना प्रभारी

दुमका जिले के छः थानों में नए थाना प्रभारियों की पदस्थापना कर दी गई है।चुनाव आयोग के निर्देश के बाद तीन वर्षों से अधिक समय से दुमका जिले में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों का तबादला अन्यत्र कर दिए जाने के बाद दुमका जिले के सभी थाना प्रभारी विहीन हो गए थे। पुलिस अधीक्षक पितांबर सिंह खेरवार के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक हरि प्रसाद साह को जरमुंडी थाना का पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बनाया गया है।पुअनि शशिकांत साहू को रामगढ़ थाना प्रभारी बनाया गया है,पुअनि अजीत कुमार को जामा थाना प्रभारी,पुअनि अजीत कुमार यादव को तालझारी थाना प्रभारी, पुअनि अनुज कुमार को विश्वविद्यालय ओपी का थाना प्रभारी बनाया गया है,जबकि पुअनि अनुपमा सोरेंग को महिला थाना दुमका की कमान सौंपी गई है।पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने सभी नव पदस्थापित थाना प्रभारियों को अविलंब अपने अपने थाना में योगदान करने का निर्देश दिया है।

बांका जिला के चंद्र प्रखंड भैरोगंज ओपी थाना क्षेत्र के लहरणीयांऔर दिघीबारी के बीच कुसुमघाट गांव में गाय काटने वाले गिरोह को ग्रामीणों ने धर दबोचा।

ग्रामीन भारी संख्या में थे। इनकी सूचना सुबह जब वन विभाग और प्रशासन को मिली तो प्रशासन अपने दल बल के साथ, घटनास्थल पर पहुंचकर इनका जायजा लिया। साथी वन विभाग के पूरे टीम के साथ पहुंचे। वन विभाग के फॉरेस्टर वनपाल, पांडव कुमार, प्रभारी अभिषेक कुमार, कटोरिया रेंजर सियाराम शरण सिंह, मौके पर कैटल गार्ड अध्यक्ष राजेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में, इस ग्रह को पकड़ा गया। यह घटना को पकड़ा गया, विनोद यादव दशरथ यादव इसका ड्यूटी इसी जंगल में है **विनोद कुमार सूरज कुमार वन विभाग से मौके पर**–कैटल गार्ड के अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने सारी घटनाएं विस्तार पूर्वक बताया।फॉरेस्टर ने बताया कि जल्द ही ऐसे अपराधियों पर करवाई की जाएगी। घटना को संज्ञान में लेते हुए भेरूगंज आप के थाना अध्यक्ष मीडिया कर्मियों से बात करने से
कतराते हुए नजर आए

शिविर के समापन पर डॉक्टर धारकर ने कैंसर के उपचार का दिया प्रशिक्षण,कैंसर शिविर में 1195 संभावित रोगियों की हुई जांच - 108 में मिले लक्षण

रीवा 25 फरवरी 2024. रीवा में कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय संभागीय कैंसर शिविर का विधिवत समापन कर दिया गया। शिविर में दूसरे दिन सतना तथा सिंगरौली के रोगियों की जांच की गयी। शिविर में दो दिनों में कुल 1195 रोगियों की जांच की गयी। इनमें से 108 व्यक्तियों में कैंसर के प्रारंभिक लक्षण पाये गये। शिविर का समापन करते हुए रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने इंदौर कैंसर फाउंडेशन के संचालक डॉ. धारकर और उनके टीम के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।शिविर के अंतिम सत्र में इंदौर कैंसर फाउंडेशन के संचालक डॉ. दिग्पाल धारकर ने कैंसर के उपचार से जु? डॉक्टरों को कैंसर की पहचान तथा उपचार का प्रशिक्षण दिया। डॉक्टर धारकर ने कहा कि लोगों को जागरूक करके कैंसर के आधे से अधिक मामलों में पर नियंत्रण पाया जा सकता है। कैंसर होने से पहले इसकी पूर्वावस्था होती है इनके लक्षणों के बारे में हम जागरूक रहें तो कैंसर की तत्काल पहचान हो जाती है। इंदौर कैंसर फाउंडेशन लगातार शोध करके तथा दुनिया भर के कैंसर के विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेकर कैंसर के उपचार को प्रभावी बनाने का प्रयास कर रहा है। कैंसर के उपचार के लिए दवाओं तथा आपरेशन की लागत घटाने के लिए कई प्रयास किये गये हैं। इसमें अच्छी सफलता भी मिल रही है। कैंसर के उपचार के लिए रेडियो थेरपी का उपयोग किया जाता है। इसके रेडियेशन से लाभ होने के साथ-साथ कई साइड इफेक्ट होते हैं। इस लिए हमने एक नई तकनीक फोटो, वायोमडञ्ज्लेशन थेरपी शुरू की है इस विधि से शरीर पर लगभग न के बारबर साइड इफेक्ट होते हैं। यह अधिक कारगर भी है कैंसर के उपचार के लिए आयुर्वेदिक पद्धति का भी सहारा लिया जा रहा है।डॉ. धारकर ने कहा कि रीवा में शिविर का आयोजन बहुत सफल रहा। प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर से लेकर संभाग स्तर तक पूरा कार्य व्यवस्थित तरीके से किया गया। प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा स्वयंसेवी संस्थाओं ने मिलकर सेवाभाव से रोगियों की सेवा की। हमारा रीवा से संपर्क सदैव बना रहेगा। मेडिकल कालेज के डीन यदि चाहें तो रीवा के डॉक्टरों को इंदौर फाउंडेशन प्रशिक्षण देने के लिए सहर्ष तैयार है

क्या कहता है सरोगेसी का नया नियम, जानें इससे जुड़ी सभी बातें

माता-पिता बनने की खुशी को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। अपनी संतान के जन्म से पहले ही माता-पिता उसके सपने सजाने लग जाते हैं, लेकिन कई बार कुछ दंपती, किन्हीं मेडिकल कारणों से, संतान को जन्म देने में असमर्थ होते हैं। ऐसे कपल्स की मदद करने के लिए साइंस ने आर्टिफिशयल इंसेमिनेशन से लेकर सरोगेसी जैसी कई तकनीकों का आविष्कार किया है।सरोगेसी एक ऐसी ही तकनीक है, जिसकी मदद से असमर्थ दंपती, अपने माता-पिता बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं। हालांकि, इस तकनीक का दुरुपयोग न हो, इसलिए हमारे देश में सरोगेसी से जुड़े कुछ नियम हैं, जिन्हें हर दंपती को मानने पड़ते हैं।

हाल ही में, केंद्र सरकार ने सरोगेसी के नियमों में कुछ बदलाव किए हैं, जिसके बाद अक्षम दंपतियों को और राहत मिली है। आइए जानते हैं, क्या होती है सरोगेसी और क्या कहते हैं इससे जुड़े नए नियम।

क्या है सरोगेसी?

सरोगेसी एक ऐसी तकनीक है, जिसमें किसी अन्य महिला की कोख को किराए पर लेकर सरोगेसी करवाने वाले दंपती अपने बच्चे को जन्म देते हैं। इस तकनीक की मदद वे दंपती लेते हैं , जो किसी मेडिकल कारण से कंसीव करने में असमर्थ होते हैं। इसमें सरोगेट और सरोगेसी करवाने वाले कपल के बीच एक कानूनी समझौता है, जिसके तहत इस बच्चे के जन्म के बाद, कानूनी रूप से उसके माता-पिता सरोगेसी करवाने वाला दंपती ही होगा और बच्चे पर सिर्फ उनका अधिकार होगा।

सरोगेसी में सरोगेट महिला अपने या फिर डोनर के अंडाणु के जरिए गर्भधारण करती है और उस बच्चे के जन्म तक, अपने गर्भ में उसका पालन-पोषण करती है। बच्चे के जन्म के बाद उसका उस बच्चे पर कोई कानूनी अधिकार नहीं रहता।

दो प्रकार की होती है सरोगेसी

सरोगेसी दो प्रकार की होती हैं। पहला पारंपरिक सरोगेस और दूसरा जेस्टेशनल सरोगेसी। पारंपरिक सरोगेसी में जिस महिला की कोख को किराए पर लिया जाता है, उसी के अंडाणु का इस्तेमाल कर फर्टिलाइजेशन होता है, यानी सरोगेट ही बच्चे की बायोलॉजिकल मां होती हैं।

इसमें बच्चे के पिता के सपर्म की मदद से सरोगेट महिला के अंडाणु को फर्टिलाइज किया जाता है और उस भ्रूण को महिला अपने गर्भ में धारण करती है। इस सरोगेसी में भी बच्चे को सभी कानूनी हक सरोगेसी करवाने वाले दंपती के पास ही होते हैं।

जेस्टेशनल सरोगेसी में माता-पिता के शुक्राणु और अंडाणु को आपस में फर्टिलाइज करवा कर, सरोगेट के गर्भ में रखा जाता है। इस सरोगेसी में सरोगेट महिला का बच्चे से कोई बायोलॉजिक संबंध नहीं होता। इस प्रक्रिया में आमतौर पर आईवीएफ (ढ्ढङ्खस्न) की मदद से अंडे और सपर्म को फर्टिलाइज करवाया जाता है, जिसके बाद उस भ्रूण को महिला अपने गर्भ में धारण करती है।

पहले सरोगेसी के क्या नियम थे?

पहले सरोगेसी के नियम के अनुसार, सरोगेसी करवाने वाले कपल के पास अंडाणु और शुक्राणु दोनों होना आवश्यक था। अगर किसी दंपती के पास ये दोनों गेमेट्स नहीं है, तो वह सरोगेसी की मदद से बच्चे को जन्म नहीं दे सकते। इसमें डोनर के गेमेट्स के इस्तेमाल पर प्रतिबंध था। इस कारण से वे दंपती जो किसी कारण वश अंडाणु या शुक्राणु देने में असमर्थ हैं या विधवा या तलाकशुदा व्यक्ति सरोगेसी के जरिए बच्चे को जन्म नहीं दे सकते थे।

क्या है नया कानून?

सरोगेसी के नए कानून के तहत, अब सरोगेसी करवाने वाला कपल, किसी डोनर के शुक्राणु या अंडाणु का इस्तेमाल कर, बच्चे को जन्म दे सकते हैं। हालांकि, इसके लिए मेडिकल बोर्ड से अनुमति लेनी होगी कि सरोगेसी करवाने वाला दंपती किन्हीं मेडिकल कंडिशन की वजह से अंडाणु या शुक्राणु नहीं दे सकते। इसके बाद ही वे किसी दाता (डोनर) की मदद ले सकते हैं। कानून में इस नए बदलाव के अनुसार तलाकशुदा या विधवा महिला को अपने अंडाणु का ही इस्तेमाल करना होगा, वे स्पर्म किसी डोनर से ले सकती हैं।

व्यावसायिक सरोगेसी है प्रतिबंधितज

सस्ते में सरोगेसी होने की वजह से भारत में सरोगेसी का कारोबार काफी अधिक बढ़ गया था। विदेशों से कपल्स सरोगेसी के लिए भारत आते थे। यह व्यवसाय इतना फैल चुका था कि सरोगेसी का बिजनेस लगभग 37.5 करोड़ डॉलर का हो गया था, जिस वजह से सरोगेसी का गलत इस्तेमाल होने लगा था। इसलिए दिसंबर 2022 में भारत में व्यावसायिक सरोगेसी को प्रतिबंधित कर दिया गया।

राहुल, तेजस्वी, अखिलेश : नई उम्मीद जगाते लोग

बीपीएससी (बिहार लोक सेवा आयोग) के शिक्षकों की जनरल नालेज की परीक्षा चैनल लेने लगे। जो मुंह में आए सवाल कर रहे थे और जवाब न दे पाने पर उन्हें अयोग्य साबित कर रहे थे। उनके खुश होने नाचने-गाने के वीडियों डाल रहे थे कि देखिए क्या कर रहे हैं। खुश होना अपराध बता रहे थे। शायद यह कहना चाह रहे थे कि जब इतना कसा जा रहा है तब जनता इतना खुश कैसे हो सकती है।

बिहार में का बा!

नौकरियों की बहार ही बहार बा।

और अपने यूपी में?

यहीं से करबे जा बा। सब मास्टर, मास्टरनियां बन गए। सरकारी नौकरी। पक्की नौकरी। तनखा पचास हजार से ऊपर। यहां तो पेपर लीक हो रहे हैं। पहले आर ओ (रिव्यू आफिसर) के हुए और अब पुलिस के।यह वह संवाद हैं जो आज उत्तर प्रदेश में घर-घर हो रहे हैं। कितने लोगों ने फार्म खरीदे इसका कोई आकंड़ा अभी उपलब्ध नहीं है। मगर आम तौर पर जितने लोग फार्म खरीदते हैं उसके आधे ही भरते हैं, एलेजिबल (पात्र) होते हैं। 48 लाख एडमिट कार्ड इशु होने की खबर है। मतलब एक करोड़ युवाओं ने करीब फार्म खरीदे थे। एक फार्म की कीमत 400 रुपए।जोड़ते रहिए हिसाब की सरकार ने कितने पैसे कमा लिए। और वह भी बेरोजगारों से। और यह तो सरकार की आमदनी है। अभ्यार्थियों (केंडिडेंट) का कितना खर्च हुआ। यह उनके बयान सुनिए। जो आज सोशल मीडिया में पचासों वीडियो के रूप में घूम रहे हैं। संक्षेप में हम बता दें फिर अगले मुद्दे पर चलेंगे कि अपने गांव से आकर शहर में कोचिंग की फीस। कमरे का किराया। खाना, किताबों का खर्चा। और फिर परीक्षा देने के लिए आना जाना।

यह भी खुद ही जोड़ते रहिए, अगर बेरोजगार के दुःख को समझना है तो। और इसमें यह तथ्य भी याद रखिए कि लड़के-लड़की के मां-बाप भी गरीब हैं। पुलिस कांस्टेबल (सिपाही) के लिए गरीब निम्न मध्यम वर्ग के बच्चे ही जाते हैं और वह परिवार किस तरह अपना पेट काटकर बच्चों को पैसे पहुंचाता है इसे आएगा तो मोदी ही चिल्लाने वाले भक्त शायद ही समझ सकते हैं। मगर जैसा कि एक लड़के का वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह कह रहा है कि मैंने दाल फ्राई नहीं खाई। उबली दाल खाकर काम चलाता रहा कि वर्दी पहन कर गांव जाऊंगा। मगर अब क्या करूं?यह सारी सच्चाइयां और इससे भी ज्यादा कई वीडियो में सोशल मीडिया में चल रही हैं। मगर मुख्यधारा के मीडिया में यह नहीं है। वहां बिहार की कहानियां हैं। तेजस्वी यादव ने दो लाख से ऊपर शिक्षकों को वहां नियुक्त कर दिया। जाहिर है इससे गोदी मीडिया के जंगल राज की सारी धारणा धराशायी हो गई। लालू का लड़का, शिक्षा विभाग उसके दल के पास और बिना एक भी कमी के लाखों टीचरों को नियुक्ति पत्र दे दिया। तहलका मच गया। वीडियो बनाए जाने लगे।बीपीएससी (बिहार लोक सेवा आयोग) के शिक्षकों की जनरल नालेज की परीक्षा चैनल लेने लगे। जो मुंह में आए सवाल कर रहे थे और जवाब न दे पाने पर उन्हें अयोग्य साबित कर रहे थे। उनके खुश होने नाचने-गाने के वीडियों डाल रहे थे कि देखिए क्या कर रहे हैं। खुश होना अपराध बता रहे थे। शायद यह कहना चाह रहे थे कि जब इतना कसा जा रहा है तब जनता इतना खुश कैसे हो सकती है।मगर सच यह है कि उन्हें जब बीपीएससी की परीक्षा में कोई कमी नहीं मिली तो शिक्षकों में ढूंढने लगे और इससे भी आगे का सच यह है कि उस समय के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बेरोजगारों को रोजगार देने के इस काम से पूरी मोदी सरकार हिल गई थी। हम केन्द्र में दस साल से सरकार होने के बाद कई राज्यों में डबल इंजन सरकार होने के बाद नौकरी दे नहीं पा रहे या दे नहीं रहे और इस कल के लड़के तेजस्वी ने लाखों नोकरियां दे दीं। और वह भी बिना पेपर लीक हुए। हमारे मित्र मीडिया को कोई कमी नहीं मिली।नौकरी देने के चक्कर में ही तेजस्वी की नौकरी गई। ऐसे ही लैपटाप बांटकर अखिलेश ने दुश्मन कमाए। जैसे आज केवल बिहार में नहीं देश भर में बिहार में टीचर नियुक्ति की चर्चा हो रही है वैसे ही पहले केवल यूपी में नहीं देश भर में अखिलेश यादव के विद्यार्थियों को लैपटाप बांटने की धूम थी। एक ने छात्रों को पढ़ने के लिए लैपटाप दिए दूसरे ने पढ़ाने के लिए शिक्षक दिए।मगर मीडिया के लिए यह कभी देश को आगे ले जाने वाली खबरें नहीं थी। वह तो इस भाषण को छापता है टीवी पर डिबेट करता है कि कांग्रेस ने देश के भविष्य के लिए कुछ नहीं किया।नेहरू ने आईआईटी, एम्स दूसरे उच्च शिक्षण संस्थान बनाए राजीव गांधी ने नवोदय स्कूल जो गांव में होता है और पूरी तरह रेजिडेंशल (छात्रों को वहीं होस्टल में रखकर, खाने-पीने की व्यवस्था सहित) की बिल्कुल नयी अवधारणा। और फिर यह जो अखिलेश के लैपटाप देने का एकदम आगे का कदम और तेजस्वी के सरकारी स्कूलों को मजबूत करने के लिए पारदर्शिता के साथ योग्य शिक्षकों की नियुक्ति न प्रधानमंत्री मोदी को देश का भविष्य बनाने वाले लगते हैं और न मीडिया को।उन्हें तो पकौड़े तलने से रोजगार आता है यह देश को विश्व गुरु बनाने की बात लगती है। उन्हें लगता है कि बड़ी-बड़ी बातें बनाने से दुनिया में देश का सम्मान बढ़ गया। नेहरू, इन्दिरा के बड़े-बड़े कामों से देश का नाम नीचे गिरा है।दरअसल अब लड़ाई बातों की बादशाहत और काम की कर्मवीरता के बीच हो गई है। बेरोजगारी देश की सबसे भयावह समस्या है। मगर भाजपा के लिए और उसके मित्र मीडिया के लिए सबसे बड़ी समस्या देश में भाईचारे का माहौल और रोटी के बारे में सोचना है।

दोनों मिलकर नफरत और विभाजन को इस स्तर तक बढ़ा चुके हैं कि किसान जिसे वे खुद अन्नदाता कहते थे अब गुंड़ा, मवाली, खालिस्तानी, देशद्रोही हो गया है और जनता जो अधिकार मांगे वह निकम्मी। इंडिया गेट पर राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया। जन अधिकार पथ नहीं। पहले मीडिया किसी भी समस्या जनता की परेशानी में सरकार से, प्रशासन से सवाल करता था। उसकी अनदेखी, गलतियां बताता था। आज जनता की बताता है। कोविड तक में गलती जनता की बताई जाती रही। जब ज्यादा समस्या आई तो व्यवस्था की बता दी। मगर क्या मजाल है सरकार पर एक ऊंगली भी उठाई हो। उल्टा उसके ताली थाली बजाकर कोरोना को भगाने की दिल खोलकर प्रशंसा की।वह तो चुनाव हैं। तो यूपी में पुलिस भर्ती की परीक्षा रद्द कर दी। नहीं तो अग्निवीर की भर्ती तो बंद हुई नहीं। देश भर के युवाओं ने उसका विरोध किया। फौज के तमाम जनरलों ने इसे सेना के लिए बेहद खराब योजना बताया। मगर अग्निवीर चालू रही।

यूपी में संख्या बड़ी थी। 48 लाख युवा ने परीक्षा दी। मतलब हर जिले के हजारों लड़के लड़कियां। इतने आक्रोश को भाजपा सहन नहीं कर सकती थी। और उस अवस्था में तो बिल्कुल नहीं जब यहां कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का समझौता हो गया है। एक और एक मिलकर ग्यारह होने का माहौल बन गया है। अस्सी सीटें हैं यूपी में। जिस और झुक जाएंगी उधर ही सरकार बन जाएगी।राहुल की यात्रा यूपी में बहुत फलदाई रही। रविवार को यूपी में आखिरी दिन था और इस दिन अखिलेश यादव ने यात्रा में शामिल होकर यात्रा को और चमका दिया।ये सब भविष्य के चेहरे हैं। राहुल, अखिलेश, तेजस्वी, उद्धव, स्टालिन, हेमंत सोरेन, केजरीवाल, ममता आदि। सबके पास भारत के भविष्य की और युवाओं को आगे ले जाने की परिकल्पना है। योजना है और जिसको भी जब मौका मिला है उसने इसे बताया है। इस बार इस सम्मिलित शक्ति का मुकाबला करना केवल बातों से कैसे संभव होगा देखने का मजेदार मौका मिलेगा।

संपादकीय

बेरोजगारी बन रही राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा

ऐसे वक्त में जब देश भर के किसान अपनी फसलों के लिये सम्मानजनक न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग पर दिल्ली कूच कर रहे हैं और वकील व सिविल सोसायटियां ईवीएम से वोट न कराने के लिये प्रदर्शन कर रही हैं, भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें इस मायने में और भी बढ़ती आ रही हैं कि अब देश में चरम पर पहुंच चुकी बेरोजगारी की आंच युवाओं और छात्रों को झुलसाने लगी है। कथित 'मोदी मैजिक' उतरता दिख रहा है क्योंकि युवा जीवन की तल्ख सच्चाइयों से परिचित हो रहे हैं। अगर युवाओं और छात्रों को इस बात का एहसास हो गया कि उन्हें भावनात्मक मुद्दों के आधार पर बरगलाया गया है तो भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुश्किलें आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़ सकती हैं जिसकी किसी भी क्षण घोषणा होने का इंतज़ार देश कर रहा है।नरेन्द्र मोदी का आविर्भाव और उनके तेजी से भारतीय राजनीति में छा जाने के लिये सबसे अधिक जिम्मेदार युवा व छात्र ही थे। आज वही वर्ग उम्र के इस मुकाम पर खड़ा है जहां वह महसूस कर रहा है कि अगर अगले एक-दो वर्षों में उसे नौकरी न मिली तो उसके सामने आजीवन बेरोजगार रहने का खतरा है। 2013 में श्री मोदी को जब भारतीय जनता पार्टी और उनकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था तो उनका सबसे बड़ा समर्थक वर्ग यही युवाओं व किशोरों का था। उनके मन में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं के बारे में घृणा भरी हुई थी। गांधी और नेहरू को गालियां देने वाले ऐसे युवाओं का राजनैतिक ज्ञान इतना ही था कि 'अय्याश' नेहरू ने कश्मीर पाकिस्तान को दे दिया और अगर उनकी जगह सरदार पटेल प्रधानमंत्री बनते तो अब तक अखंड भारत बन चुका होता। वे यह भी मानते थे, अब भी कई ऐसे हैं जो ऐसा ही सोचते हैं, कि कांग्रेस गद्दारों की पार्टी है और मुस्लिम परस्त है।

उस वाट्सएप विश्वविद्यालय से आयातित ज्ञान का पाठ्यक्रम विशालकाय है, जिसकी स्थापना इन्हीं लोगों के लिये की गयी है और जिसके सारे अध्यायों को किसी भी अखबार के सीमित पन्नों में नहीं समेटा जा सकता। बहरहाल, देश के 1947 में आजाद होने नहीं वरन उसे 99 वर्षों के लिये लीज़ पर देने वाला यह वर्ग मौजूदा सरकार के राज में मस्जिदों के सामने नाच-गाकर मजे से समय काट रहा था। कुछ अब भी यही क्वालिटी टाइम व्यतीत कर रहे हैं। यही वह वर्ग था जो मानता था कि इस महामानव के पास सारी समस्याओं का हल है और वह (मोदी) डॉ. मनमोहन सिंह जैसा हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने की बजाय हार्ड वर्क करके चीन और पाकिस्तान को कंपकंपा देगा।राहुल गांधी ने रोजगार का मसला उठाकर उस तालाब में कंकड़ नहीं बल्कि बड़ा सा पत्थर फेंक दिया है जिससे युवाओं-छात्राओं की उनींदी आंखों पर पानी का ऐसा जबर छिड़काव हुआ है कि उनकी आंखें खुलती सी दिख रही हैं। वैसे तो राहुल गांधी ने जब 7 सितम्बर, 2022 से 30 जनवरी, 2023 तक (कन्याकुमारी से कश्मीर) की भारत जोड़ो यात्रा की थी, तब भी बड़ी संख्या में उनसे मिलने युवा आ रहे थे। उन्होंने यह पाया कि जिस व्यक्ति की छवि को जैसा पेश किया गया था, वह वैसा बिलकुल नहीं है।वह न युवराज है न शहजादा। अग्निवीर योजना जब भारत सरकार लेकर आई तभी श्री गांधी ने इसे युवाओं के साथ अन्याय बतलाया था। आज साबित हो चुका है कि देश की सेना तक उससे रज़ामंद नहीं थी। एक सनकपूर्ण व अदूरदर्शितापूर्वक लिये गये फैसले से छात्रों व युवाओं के करियर को तो नुकसान हुआ ही, सेना को भी अधिकारियों की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। 14 जनवरी से निकली उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी असंख्य युवा राहुल गांधी से मिल रहे हैं। अब यह वर्ग जान गया है कि उनके भीतर नफरत और हिंसा इसलिये भरी गयी थी ताकि भाजपा सरकार उनके रोजगार भी छीन ले तो वे उसका विरोध न कर सकें। अब वह यह भी जान गया है कि हर साल 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात सिवाय जुमले के कुछ नहीं था। अब वे इस स्थिति में और जीवन के इस पड़ाव में पहुंच गये हैं जिसमें न वे नौकरी के लायक रह गये हैं और न ही पकौड़े बेच सकते हैं।

पछतावे व खुल चुकी और आंखों के साथ अब युवा राहुल गांधी के साथ यात्रा के दौरान मंच साझा कर रहे हैं।

मोदी की मंदिर यात्राएं वि-उपनिवेशीकरण नहीं है

पश्चिम का अन्धानुकरण, इन सांस्कृतिक परिवर्तनों का एक छोटा भाग था। जो सबसे बड़ा परिवर्तन था वह था- समानता पर आधारित समाज की ओर यात्रा की शुरुआत। इसके अलावा, भारत ने आधुनिक-औद्योगिक सामाजिक संस्कृति की ओर धीरे-धीरे कदम बढ़ाना शुरू किये। ये परिवर्तन मुस्लिम लीग, हिन्दू महासभा और आरएसएस जैसे दकियानूसी राजनैतिक संगठनों को पसंद नहीं थे। वे इन्हें पश्चिमी बताते थे।हाल (22 जनवरी 2024) में अयोध्या के राममंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अत्यंत भव्य समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही देश के अन्य हिस्सों, विशेषकर उत्तर भारत, में धार्मिकता के सामूहिक प्रदर्शन हुए। इस अवसर पर हमने देखा कि राजनैतिक सत्ता और धार्मिक सत्ता दोनों मानों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में केन्द्रित हो गईं। अयोध्या के बाद मोदी ने अबू धाबी में एक बड़े मंदिर (श्री स्वामीनारायण) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भी जमकर जश्न मनाया गया और इसका खूब प्रचार-प्रसार हुआ। और अभी कुछ दिन पहले मोदी ने उत्तर प्रदेश में कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास किया।

मंदिरों से जुड़े इन उत्सवों की श्रृंखला से प्रभावित कई दक्षिणपंथी चिन्तक दावा कर रहे हैं कि मोदी पहले ऐसे राजनेता हैं जो किसी उत्तर-औपनिवेशिक समाज की संस्कृति का वि-उपनिवेशीकरण कर रहे हैं।

उपनिवेशवाद का दक्षिण एशिया पर क्या प्रभाव पड़ा? दक्षिण एशिया का समाज मूलतः सामंती था जहां जमींदार और राजा शासन करते थे और पुरोहित वर्ग उनके राज को उचित बताता था। ब्रिटेन दक्षिण एशिया के अधिकांश हिस्से, विशेषकर भारतीय उपमहाद्वीप, को अपना उपनिवेश बनाने में सफल रहा। अंग्रेजों का जोर यहां की संपत्ति को लूटने और भारत को इंग्लैंड में उत्पादित माल के लिए विशाल बाज़ार के रूप में इस्तेमाल करने पर था। इसके लिए उन्हें यहां एक औपनिवेशिक राज्य का ढांचा खड़ा करना पड़ा। उन्हें परिवहन और शिक्षा की सुविधाएं विकसित करनी पड़ीं और आधुनिक प्रशासनिक व्यवस्था कायम करनी पड़ी। ब्रिटिश शासकों ने सती जैसी कुछ भयावह प्रथाओं के उन्मूलन का समर्थन किया मगर जहां तक बड़े सुधारों और सांस्कृतिक परिवर्तनों का प्रश्न है, उनके लिए जोतीराव फुले, सावित्रीबाई फुले, आंबेडकर और गाँधी जैसे लोगों को संघर्ष करना पड़ा।किसी भी समाज की संस्कृति स्थायी नहीं होती। वह निरंतर परिवर्तनशील होती है। औपनिवेशिक शासनकाल में भी देश में कई तरह के सांस्कृतिक परिवर्तन हुए।

पश्चिम का अन्धानुकरण, इन सांस्कृतिक परिवर्तनों का एक छोटा भाग था। जो सबसे बड़ा परिवर्तन था वह था- समानता पर आधारित समाज की ओर यात्रा की शुरुआत। इसके अलावा, भारत ने आधुनिक-औद्योगिक सामाजिक संस्कृति की ओर धीरे-धीरे कदम बढ़ाना शुरू किये। ये परिवर्तन मुस्लिम लीग, हिन्दू महासभा और आरएसएस जैसे दकियानूसी राजनैतिक संगठनों को पसंद नहीं थे। वे इन्हें पश्चिमी बताते थे। असल बात यह थी कि वे पददलित लोगों को समान दर्जा देने की ओर यात्रा के खिलाफ थे और ऐसे प्रयासों पर उन्होंने %पश्चिमी% का लेबल चस्पा कर दिया।इसी तरह, उन्होंने भारतीय संविधान, जो भारत की राजनैतिक संस्कृति का मूर्त रूप था, को %पश्चिमी मूल्यों% पर आधारित बताया। हिन्दू दक्षिणपंथी विचारक हर उस विचारधारा के धुर विरोधी थे जो समानता की बात करती थी। वे %मनुस्मृति% जैसी धार्मिक संहिताओं की शान में गीत गाते थे, जो जातिगत और लैंगिक ऊंच-नीच की हामी थीं। यह दिलचस्प है कि जिन सामाजिक शक्तियों ने पश्चिम-विरोधी नैरेटिव का निर्माण किया, उनकी जड़ें सत्ता के सामंती ढांचे में थीं। इसके साथ ही वे औपनिवेशिक शासकों की सहयोगी थीं। दूसरी ओर, राष्ट्रीय आन्दोलन देश की संस्कृति को आकार दे रहा था और साथ ही औपनिवेशिक शासकों का विरोध भी कर रहा था।

इस सिलसिले में पश्चिम एशिया के %मुस्लिम ब्रदरहुड% का उदाहरण प्रासंगिक है। वह भी प्रजातान्त्रिक मूल्यों और संस्कृति को पश्चिमी बताता है और इस्लाम के नाम पर सामाजिक असमानता और अधिनायकवादी नियम लादना चाहता है। भारत में भी हिन्दू दक्षिणपंथ समानता का विरोधी है और उसे पश्चिम से आयातित संकल्पना बताता है। भारतीय संविधान में निहित मूल्यों के विरोध को औपनिवेशिक संस्कृति के विरोध का जामा पहनाया जाता है और यह कहा जाता है कि इससे %भारतीय संस्कृति% गौरवान्वित होती है। दरअसल, जिसे औपनिवेशिक संस्कृति का विरोध कहा जाता है वह न्याय और बंधुत्व पर आधारित संस्कृति का विरोध है। जाति और लिंग से ऊपर उठकर सभी के लिए न्याय, उभरते हुए भारतीय प्रजातंत्र का लक्ष्य रहा है. इस प्रजातंत्र में बहुवाद और विविधता के लिए जगह है। अभी कुछ दशक पहले तक हम शान से कह सकते थे कि भारत की उत्तर-औपनिवेशिक यात्रा अन्य सभी पूर्व उपनिवेशों से बेहतर रही है। इसकी संस्कृति में निरंतरता और परिवर्तन दोनों के लिए स्थान था। गांधी, नेहरु, सुभाष और मौलाना आजाद जैसे लोगों ने जिस जीवन पद्धति की हिमायत की वह भी प्रजातान्त्रिक मूल्यों को प्रतिबिंबित करती थी. वे देश की संस्कृति को प्रजातान्त्रिक मूल्यों के अनुरूप ढालना चाहते थे।

वर्तमान में मंदिर से जुड़े उत्सवों की जो श्रृंखला चल रही है उसके बारे में कहा जा रहा है कि यह वि-उपनिवेशीकरण है! हमें यह भी बताया जा रहा है कि अबू धाबी में जिस मंदिर का उद्घाटन किया गया वह पश्चिम एशिया के %मुस्लिम देशों% में पहला हिन्दू मंदिर है। तथ्य यह कि संयुक्त अरब अमीरात, मस्कट, बहरीन, ओमान आदि में पहली से कई मंदिर हैं। आर्थिक कारणों से भारतीय इन देशों में जाते रहे हैं और इसके साथ ही वहां मंदिर बनते रहे हैं। हमारे आसपास के मुस्लिम-बहुत देशों में भी ढेर सारे मंदिर हैं। बांग्लादेश का ढाकेश्वरी मंदिर काफी प्रसिद्ध है। पाकिस्तान में भी कई मंदिर हैं और लालकृष्ण अडवाणी ने पाकिस्तान जाकर नवीकृत कटासराज मंदिर का उद्घाटन किया था।

हिन्दू मंदिरों के निर्माण के लिए मोदी का महिमामंडन करना ठीक नहीं है। यह कहना एकदम गलत है कि भारत और अबू धाबी में मंदिरों का उद्घाटन कर मोदी के भारत के वि-उपनिवेशीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। भारत में औपनिवेशिक शासन के प्रभाव को समाप्त करने का काम आज़ादी के आन्दोलन ने किया था। राष्ट्रीय आन्दोलन के साथ प्रगतिशील सामाजिक कदम उठाए गए, प्रगतिशीत लेखन हुआ और प्रगतिशील थिएटर पनपा। स्वतंत्रता के पश्चात यह प्रक्रिया जारी रही। नेहरु ने वैज्ञानिक समझ को बढ़ावा दिया तो आंबेडकर ने आधुनिक मूल्यों पर आधारित संविधान बनाया।वैसे भी भारत कभी औपनिवेशिक संस्कृति में पूरी तरह नहीं डूबा नहीं था। आज भारत में धार्मिकता और दकियानूसीपन को बढ़ावा दिया जा रहा है। राजनीति ने धर्म का लबादा ओढ़ लिया है। हमारी संस्कृति को दकियानूसी और कट्टर मूल्यों से सबसे ज्यादा खतरा है। इसका एक मज़ेदार उदाहरण है विहिप द्वारा अदालत में सिंह अकबर और सिंहनी सीता को वन विभाग द्वारा एक साथ रखे जाने को अदालत में चुनौती देना !जहां तक अबूधाबी का सवाल है, यूएई सहित पूरा पश्चिम एशिया इस्लामिक कट्टरतावाद से जनित दकियानूसी मूल्यों की जकड़ में है। इस इस्लामिक कट्टरतावाद को अमेरिका ने प्रोत्साहन दिया क्योंकि वह उस क्षेत्र के कच्चे तेल के संसाधनों पर कब्ज़ा जमाना चाहता था। इसी उद्देश्य से अमेरिका ने 1953 में ईरान की प्रजातान्त्रिक ढंग से निर्वाचित मोसादेग सरकार को अपदस्थ किया, जिसके बाद से वहां कट्टरपंथी सरकारें बनती गईं। बाद में अमेरिका ने मुजाहिदीनों को प्रशिक्षण देने के लिए पाकिस्तान में मदरसे स्थापित करवाए। उसने अलकायदा को धन और हथियार उपलब्ध करवाए। अमेरिका के हस्तक्षेप के कारण, पश्चिम एशिया की संस्कृति प्रतिगामी बन गयी। अबू धाबी में एक मंदिर के उद्घाटन से तेल की भूखी ताकतों द्वारा पश्चिम एशिया की संस्कृति को पहुंचाए गए नुकसान की भरपाई नहीं हो सकती।

मंदिर संस्कृति का एक हिस्सा होते हैं। केवल मंदिरों में आरती करने से संस्कृति नहीं बदलती।

इजराइल-हमास समझौते के करीब, मध्य पूर्व में संकट के बादल छंटने के आसार

वाशिंगटन। इजराइल और हमास के बीच गाजा में छिड़े युद्ध की वजह से मध्य पूर्व में छाये संकट के बादलों के जल्द ही छंटने की उम्मीद है। मध्यस्थ देश इजराइल और हमास के बीच अस्थाई युद्धविराम के समझौते की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। इस वार्ता से जुड़े दो अधिकारियों का कहना है कि इजराइल संगीन अपराधों के दोषी फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने पर सहमत हो गया है। हालांकि हमास ने अभी तक इस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में इस दिशा में चल रहे प्रयासों को फलक पर लाने की कोशिश की गई है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के रुख में बदलाव से बंधकों की अदला-बदली और संभावित संघर्ष विराम की दिशा में जल्द ही ठोस निर्णय हो सकता है। प्रस्ताव में इजराइली बंधकों और आतंकवाद के दोषी फिलिस्तीनियों की रिहाई का प्रारूप शामिल है। संयुक्त राष्ट्र

की शीर्ष अदालत के आदेश पर इजराइल ने गाजा में नरसंहार को रोकने के उपायों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की है। अमेरिकी के राष्ट्रपति जो बाइडेन का कहना है कि उन्हें एक सप्ताह के भीतर गाजा में युद्धविराम होने की उम्मीद है। इस बीच फिलिस्तीनी प्राधिकरण की सरकार ने अपना इस्तीफा दे दिया है।

मध्यस्थता प्रयासों की जानकारी रखने वाले इन दोनों अधिकारियों के अनुसार, इजराइली वातार्कार निजी तौर पर एक अमेरिकी प्रस्ताव पर सहमत हो गए हैं। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि इजराइल आतंकवाद के आरोपों में दोषी ठहराए गए 15 फिलिस्तीनियों को छोड़ेगा। इसके बदले हमास पांच महिला इजराइली सैनिकों को रिहा करेगा। इस प्रस्ताव पर पिछले हफ्ते पेरिस में मिस्र, कतर और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच चर्चा हो चुकी है। इस पर हमास और इजराइल लगभग सहमत हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इस पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हमास इस समझौते में यह भी चहता है कि इजराइली सैनिक संघर्ष विराम की अवधि तक गाजा से हट जाएं।

नेपाल : राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष पद को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रमुख दल आमने सामने

नेपाल। देश की संसद के ऊपरी सदन राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष पद को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन दाल के दो प्रमुख घटक आमने सामने आ गए हैं। सरकार का नेतृत्व कर रहे माओवादी पार्टी और गठबंधन में सहभागी सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस दोनों ने ही राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी पेश कर दी है। राष्ट्रीय सभा के वर्तमान अध्यक्ष गणेश प्रसाद तिमिल्सिना का कार्यकाल 10 मार्च को पूरा हो रहा है। निर्वाचन आयोग ने 12 मार्च को इस पद के लिए निर्वाचन होने की घोषणा की है। सत्ता का नेतृत्व कर रहे माओवादी पार्टी की स्थाई समिति की बैठक में राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष पद पर दावा करने का फैसला किया गया है। पार्टी बैठक के फैसले के बारे में प्रवक्ता अग्नि सापकोटा ने बताया कि गठबंधन की सरकार में शक्ति बंटवारे के सिद्धांत के आधार पर माओवादी पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी पेश की है। सापकोटा ने कहा कि संवैधानिक पदों के बंटवारे में एक भी स्थाई पद माओवादी के पास नहीं होने के कारण स्वतः ही यह पद हमें मिलना चाहिए। पार्टी की स्थाई समिति के सभी सदस्यों ने एक स्वर में पार्टी अध्यक्ष से इस पद पर अपनी दावेदारी नहीं छोड़ने के लिए दबाव भी दिया है। पार्टी की बैठक में नेताओं ने यह दलील पेश की है कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रतिनिधि सभा के स्पीकर, डिप्टी स्पीकर सभी पद गठबंधन में सहभागी अन्य दलों के पास है। गठबंधन की सरकार होने के कारण प्रधानमंत्री का पद सीमित समय के लिए है, इसलिए अब यह आखिरी स्थाई पद पर माओवादी अपना दवा कर रही है। माओवादी पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय सभा में सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण कुछ अन्य छोटे दलों को मिलाकर भी बहुमत पहुंच जाएगा। हालांकि उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नेपाली कांग्रेस भी माओवादी के दावेदारी का समर्थन कर देगी। नेपाली कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि राष्ट्रीय सभा के रिक्त सदस्यों के चुनाव से पहले ही गठबंधन की बैठक में अध्यक्ष पद कांग्रेस पार्टी को मिलने की बात पर सहमति हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी के महामंत्री गगन थापा ने कहा कि जिस समय राष्ट्रीय सभा सदस्यों के सीट का बंटवारा हो रहा था उसी समय खुद प्रधानमंत्री प्रचंड ने अध्यक्ष का पद कांग्रेस पार्टी को देने पर अपनी सहमति जताई थी। गगन थापा का कहना है कि उस बैठक में वो खुद भी मौजूद थे। 19 सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस को 10 सीट देने और राष्ट्रीय सभा का अध्यक्ष पद देने पर गठबंधन के सभी दलों के बीच सहमति हो चुकी है। इसलिए अब इस सहमति से पीछे हटने का सीधा असर गठबंधन पर पड़ सकता है।

नेपाल के एसीबी चीफ बोले- भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसने के बाद विदेशों से होने लगी है डीलिंग

नेपाल। नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम तेज होने और एक के बाद एक बड़ी मछलियों पर शिकंजा कसने के बाद अब इसकी डीलिंग देश से बाहर विदेशों में होने लगी है। यह दावा खुद एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के प्रमुख ने किया है। संसदीय समिति के समक्ष एसीबी प्रमुख ने कहा कि विदेशों में होने वाले इस प्रकार की डीलिंग को रोकने में वो सक्षम नहीं हैं। एसीबी प्रमुख आयुक्त प्रेम राई को मंगलवार को संसद की सार्वजनिक लेखा समिति ने तलब किया था। समिति के सदस्यों ने देश में हुए बड़े भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जांच की प्रगति का विवरण मांगने के लिए एसीबी प्रमुख को तलब किया था। समिति के सदस्यों के सवाल पर प्रेम राई ने कहा कि सभी बड़े भ्रष्टाचार के केस में जांच प्रगति से वो संतुष्ट हैं और जल्द ही कुछ और बड़े भ्रष्टाचार के मामले में विशेष अदालत में चार्जशीट दायर की जाएगी। हालांकि भ्रष्टाचार के कुछ मामलों की जड़ें विदेशों से जुड़ी हुई हैं, लेकिन एसीबी कुछ नहीं कर सकती है।

एसीबी प्रमुख राई ने कहा कि नेपाल का अधिकांश देशों के साथ लीगल म्युचुअल समझौता नहीं होने के कारण विदेशों में होने वाले डीलिंग को लेकर नेपाली एजेंसी कुछ भी नहीं कर पा रही है। एयरबस कंपनी से वाइड बॉडी विमान खरीद मामले में हुए भ्रष्टाचार की जांच अंतिम चरण में होने के बावजूद कई ऐसे दस्तावेज हैं जो विदेशी कंपनियों के पास हैं। राई ने संसदीय समिति के समक्ष इस बात का भी खुलासा किया कि वाइड बॉडी खरीद में भ्रष्टाचार हुआ है यह तय है लेकिन कमीशन की रकम को विदेशी बैंकों में जमा होने के कारण उन बैंकों की तरफ से बिना समझौते के कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इस कारण अदालत में चार्जशीट दायर होने में देरी हो रही है।

स्टार्टअप नए भारत की रीढ़ बनेंगे, आने वाला समय हमारा है: गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि स्टार्टअप महाकुंभ भारत की विकास गाथा को प्रतिबिंबित करता है। गोयल ने कहा कि उनका मानना है कि स्टार्टअप नए भारत की रीढ़ बनेंगे। आने वाला समय हमारा है।

गोयल ने नई दिल्ली में उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के 'स्टार्टअप महाकुंभ' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम रजिस्ट्री और स्टार्टअप महाकुंभ की वेबसाइट और लोगो भी लॉन्च की। उन्होंने देशभर में 57 विविध स्टार्टअप पदचिह्नों को एक मंच पर लाने के लिए इस आयोजन की सराहना की।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि स्टार्टअप सेक्टर नए भारत की रीढ़ है। उन्होंने स्टार्टअप महाकुंभ में उद्यमिता और नवप्रवर्तन के इच्छुक युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह एक वार्षिक कार्यक्रम की शुरूआत का प्रतीक है, जो 2016 में अपनी स्थापना के बाद से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की सफलता की कहानियों और क्रांति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। गोयल ने कहा कि स्टार्टअप क्षेत्र ने विभिन्न

क्षेत्रों में विचारों के साथ नवाचार करने की अपनी क्षमता साबित की है। जैसे गतिशीलता, भोजन और कपड़ा आदि।

गोयल ने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे ह्यचूकें नहींह्न और अधिक से अधिक अवसरों का लाभ उठाएं, क्योंकि भारत 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आगामी व्यापक कार्यक्रम देशभर में चल रही स्टार्टअप क्रांति को प्रदर्शित करेगा। गोयल ने विश्वास जताया कि युवा भारतीय ह्यअमृत कालह्न में देश की नियति को आकार देंगे। उन्होंने युवाओं से कहा कि भारत की कहानी को बाकी दुनिया तक ले जाएं।

वाणिज्य मंत्री ने एक अन्य कार्यक्रम भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के ह्यविकसित भारत@2047: विकसित भारत और उद्योगह्न पर आयोजित सत्र को संबोधित किया। उन्होंने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में विनिर्माण क्षेत्र की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में हितधारकों से भारत को वैश्विक विनिर्माण पावरहाउस के रूप में स्थापित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

नेपाल में भारतीय पर्यटकों के आगमन को सहज बनाने के लिए कानून में बदलाव की मांग

नेपाल। नेपाल में पर्यटकों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने के कारण यहां के होटल व्यवसायियों ने भारतीय पर्यटकों के आगमन को सरल बनाने के लिए अनावश्यक कानूनों में बदलाव की मांग की है। नेपाल के होटल व्यवसायियों की साझा संस्था होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल, पर्यटक कंपनियों की साझा संस्था टूरिज्म एसोसिएशन ऑफ नेपाल और नेपाल उद्योग वाणिज्य महासंघ ने मंगलवार को लुम्बिनी में संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान यह मांग की। नेपाल उद्योग वाणिज्य महासंघ के प्रतिनिधि अजीत बस्नेत ने कहा कि सबसे पहले तो सरकार की तरफ से उस नियम में बदलाव करने की आवश्यकता है जिसमें भारतीय पर्यटकों को नेपाल आते समय सिर्फ 25 हजार तक की धनराशि लाने की अनुमति है। इसको बढ़ा कर कम से कम एक लाख रुपये किया जाना चाहिए। बस्नेत का दावा है कि नेपाल आने वाले विदेशी पर्यटकों में सबसे अधिक व्यय क्षमता भारतीय पर्यटकों की होती है। इसलिए अपने साथ लाने वाली धनराशि की अधिकतम सीमा को बढ़ाने की आवश्यकता है। होटल एसोसिएशण ऑफ नेपाल के प्रतिनिधि प्रवीण बहादुर पाठक ने कहा कि विश्व के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश के पर्यटकों को लक्षित करते हुए नई नीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नेपाल की सीमा से सटे भारत के उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य की कुल जनसंख्या के 1-2 प्रतिशत लोगों को भी नेपाल के विभिन्न पर्यटकीय और धार्मिक शहरों में लाने में सफल रहे तो किसी और देश की तरफ देखने की भी आवश्यकता नहीं होगी। पाठक ने बताया कि इस समय भारतीय नंबर प्लेट की गाड़ियों को कस्टम ड्यूटी के बिना सिर्फ 07 किलोमीटर तक ही जाने की इजाजत है जिसको बढ़ाकर कम से कम 25-30 किमी किया जाना चाहिए।

बांग्लादेश-म्यांमार सीमा पर तनाव में कमी, बंदरबन में कल से खुलेंगे पांच प्राइमरी स्कूल

ढाका। बांग्लादेश में म्यांमार से लगी बंदरबन की सीमा पर बंद पड़े पांच प्राइमरी स्कूलों और एक मदरसा में बुधवार से पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

बंदरबन के उपायुक्त शाह मोजाहिदुद्दीन ने कहा, ह्यम्यांमार की सीमा पर अस्थिर स्थिति और सुरक्षा कारणों से 29 जनवरी को पांच सरकारी प्राथमिक विद्यालयों और एक मदरसे को बंद कर दिया गया था। सीमा पर स्थिति सामान्य होने से इन स्कूलों को खोलने का फैसला लिया गया है। बुधवार से स्कूलों में कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। जिला प्रशासन ने म्यांमार सीमा पर 13 जनवरी से जुंटा सेनाओं के साथ अराकान सेना की झड़पों के बाद सीमावर्ती शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने की घोषणा की थी। 6 फरवरी से स्थिति सामान्य होने के बाद प्रशासन लगातार निगरानी की। अंततः प्रशासन ने बुधवार से स्कूल खोलने का फैसला किया है।

स्वीडन को नाटो में शामिल होने की अंतिम बाधा हंगरी की पुष्टि के बाद हुई दूर

बुडापेस्ट। स्वीडन को नाटो में शामिल करने के प्रयास के तहत हंगरी की संसद ने सोमवार को मतदान किया। इसके साथ ही गठबंधन के लिए 18 महीने से अधिक समय से बनी अनिश्चितता की स्थिति समाप्त हो गई है जो यूक्रेन में रूस के युद्ध के खिलाफ अपनी जवाबी कार्रवाई को विस्तार देने के प्रयास में है। स्वीडन की सदस्यता को लेकर महीनों से चली आ रही खींचतान के बाद हुए मतदान में 188 मत पक्ष में पड़े जबकि छह मत इसके विपक्ष में गए।प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन की सरकार ने जुलाई 2022 में नाटो में स्वीडन के प्रवेश को मंजूरी देने के लिए प्रोटोकॉल प्रस्तुत किया था लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों के विरोध के कारण मामला संसद में रुक गया था।संगठन में नए देशों को शामिल करने के लिए सभी नाटो सदस्यों के बीच सर्वसम्मति से समर्थन की आवश्यकता होती है और हंगरी इस गठबंधन के 31 सदस्यों में से आखिरी देश है। हंगरी पिछले महीने तुर्किये द्वारा अनुरोध की पुष्टि किए जाने के बाद अपना समर्थन दे रहा है।रूस के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने वाले दक्षिणपंथी ओर्बन ने कहा है कि स्वीडिश नेताओं द्वारा हंगरी के लोकतंत्र की आलोचना ने दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास पैदा की। स्वीडन के लिए अंतिम सदस्यता बाधा सोमवार को हुए मतदान से दूर हो गई है जिसने पड़ोसी देश फिनलैंड के साथ पहली बार मई 2022 में गठबंधन में शामिल होने के लिए आवेदन किया था। ओर्बन ने मतदान से पहले सांसदों को संबोधित करते हुए कहा, ह्यस्वीडन और हंगरी का सैन्य सहयोग और स्वीडन का नाटो में शामिल होना हंगरी की सुरक्षा को मजबूत करता है। ओर्बन ने स्वीडन को गठबंधन में लाने पर फैसला करने के लिए हाल के महीनों में उनकी सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए हंगरी के यूरोपीय संघ और नाटो सहयोगियों की आलोचना की।

विश्व के कई देशों में संघर्ष और युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरस ने जताई चिंता

जिनेवा। गाजा, यूक्रेन, कांगो, म्यांमार और सूडान समेत विश्व के भागों में जारी संघर्ष, युद्ध और हिंसा पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने चिंता जताई है। गुटेरस ने कहा है कि इन युद्धों-हिंसा में कई देश प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शामिल हैं। इसलिए हर बीतते दिन के साथ वैश्विक सुरक्षा की स्थिति कमजोर हो रही है। ऐसे हालात में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने पूरे विश्व में मानवाधिकारों और शांति की स्थिति का सम्मान करने की आवश्यकता जताई है। गुटेरस ने यह बात संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के उद्घाटन सत्र में कही है। गुटेरस ने गाजा और यूक्रेन को लेकर सुरक्षा परिषद में बनी अनिर्णय की स्थिति को चिंतनीय बताया। गुटेरस ने कहा कि दोनों स्थानों पर स्थिति विस्फोटक बनी हुई है लेकिन सुरक्षा परिषद वहां पर कुछ भी कर पाने में सक्षम नहीं है। वहां पर सदस्य देशों के हितों का टकराव जमीनी हालात बिगाड़ रहा है।गुटेरस ने कहा, विश्व तेजी से बदल रहा है। विभिन्न मुद्दों पर हो रहा टकराव अनिश्चितता बढ़ा रहा है। इस स्थिति में मानवाधिकारों का हनन हो रहा है जिससे शांति को खतरा पैदा हो रहा है। इससे विश्व के सबसे ज्यादा गरीब देशों की मुश्किलें बढ़ रही हैं और पर्यावरण सुधार के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर असर पड़ रहा है।

इस दौरान गुटेरस ने गाजा में मानवाधिकारों की स्थिति की

इजराइली दूतावास के बाहर आत्मदाह करने वाले अमेरिकी वायुसैनिक की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका में स्थित इजराइली दूतावास के बाहर आत्मदाह करने वाले अमेरिकी वायुसैनिक की सोमवार को मौत हो गई। वायुसेना कर्मी ने रविवार को यहां स्थित इजराइली दूतावास के बाहर यह कहते हुए खुद को आग लगा ली कि वह ह्यह्यअब नरसंहार में शामिल नहीं होगा। मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग ने बताया कि मृतक की पहचान 25 वर्षीय आरोन बुशनेल के रूप में हुई। एक अधिकारी ने बताया कि वायुसेना कर्मी रविवार को अपराह्न एक बजे से कुछ देर पहले दूतावास पहुंचा और वीडियो स्ट्रीमिंग मंच ह्यट्विचह्न पर उसने ह्यलाइव-स्ट्रीमिंगह्न (सीधा प्रसारण) शुरू कर दी। अधिकारियों का मानना है कि व्यक्ति ने लाइवस्ट्रीम शुरू करने के बाद अपना फोन नीचे रखा और फिर खुद पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़क कर आग लगा ली। आग लगाते समय वायुसेना कर्मी ने कहा कि वह ह्लअब नरसंहार में शामिल नहीं होगा। यह घटना तब हुई, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू दक्षिणी गाजा शहर रफ-ह में एक सैन्य अभियान के लिए कैबिनेट की मंजूरी मांग रहे हैं, जबकि एक अस्थायी संघर्ष विराम समझौते पर भी बातचीत चल रही है। हालांकि, गाजा में इजराइल के सैन्य हमले की आलोचना हुई है।

अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल को खरीदेगा हिंदुजा ग्रुप, एनसीएलटी ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। अनिल अंबानी की दिवालिया कंपनी रिलायंस कैपिटल को हिंदुजा समूह की कंपनी खरीदेगी। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स की रिलायंस कैपिटल के लिए 9,650 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दे दी।

अनिल अंबानी की कंपनी ने शेयर बाजार को रेगलेटरी फाइलिंग में ये

जानकारी है। हालांकि, कंपनी की ओर से फाइनेंशियल डीटेल के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। ट्रिब्यूनल ने 11 जनवरी को इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने नवंबर 2021 में अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को शासन से जुड़े मुद्दों और भुगतान में चूक के कारण निलंबित कर दिया था। आरबीआई ने नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त किया था, जिन्होंने कंपनी को संभालने के लिए फरवरी 2022 में बोलियां आमंत्रित की थीं।उल्लेखनीय है कि रिलायंस कैपिटल पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। पहले चार आवेदकों ने समाधान योजना के साथ बोली लगाई थी। हालांकि, लेनदारों की समिति ने कम बोली मूल्यों के लिए सभी चार योजनाओं को खारिज कर दिया था। इसके बाद एक नई प्रक्रिया के तहत जून 2023 में हिंदुजा समूह के फर्म को समिति की ओर से 9,661 करोड़ रुपये की अग्रिम नकदी की बोली के लिए चना गया था।

लापरवाही: ग्राम पंचायत नारही चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

ग्राम पंचायत नारही में मजदूरों की जगह जेसीबी मशीनों से हो रहा है निर्माण कार्य

शिवपुरी
पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार करैरा
करैरा अनुविभव के अंतर्गत ग्राम पंचायत नारही मे सरपंच राजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं सचिव प्रकाश रासमेरिया द्वारा नारही ग्राम पंचायत में गरीबों की मजदूरी पर डाका डालकर पंचायत में हो रहे निर्माण कार्य को मजदूरों से ना कराकर जेसीबी मशीनों द्वारा दिनदहाड़े करवाया जा रहा है। बही नारही पंचायत के सरपंच एवं सचिव की धाक जमकर पेल रहे हैं। तलैया में निर्माण कार्य पंचायत के कर्ताधर्ताओं के द्वारा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। जिसकी सुध लेने बाला कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। जिसमें सरपंच खुद जेसीबी मशीन चलवाते हुए दिख रहे है एवं ग्राम पंचायत नारही के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में जितने भी निर्माण कार्य हुए हैं वह पूरी तरह घटिया हुए उन निर्माण कार्य में रेत की जगह मुरम का उपयोग किया गया है एवं फर्जी मस्टर भरकर अवैध रूप से लाखों की राशि हड़प कर ली सरपंच सचिव ने एवं खास बात यह है कि मामले की जानकारी करैरा के जनपद पंचायत के आला अधिकारियों तक भी पहुंच चुकी है लेकिन भ्रष्ट सरपंच सचिव पर अभी तक कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की गई इससे ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं करैरा जनपद पंचायत के आला अधिकारियों की मिलीभगत भी इस भ्रष्टाचार में हो सकती है ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में सरकार से मिलने वाली जन हितेषी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हम लोगों को जब मिल पाता है जब हमें सरपंच सचिव को मोटी रिश्वत देनी पड़ती इसके बाद हमें लाभ मिल पाता अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्ट सरपंच सचिव पर क्या कार्यवाही करते हैं या फिर कार्यवाही को ठंडे बस्ते में डाल दी जाएगी।

पंचायत के पूरे गांव में जगह-जगह कीचड़ व फैलीं गंदगी- एक तरफ सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत मध्य-प्रदेश में स्वाच्छ भारत बनाने में लगीं हुई है। लेकिन इधर सरपंच एवं सचिव पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सफाई के नाम पर फर्जी राशि निकाल कर अपनी जेमे भर रहें हैं।और अपने घर पर निजी निर्माण कार्य कर रहे। हालात यह है कि गांव में कीचड़ है, और मुख्य रास्ते भी गंदगी से सने हुए हैं। सफाई के नाम पर पूरे गांव में कोई सफाई व्यवस्था नहीं है। नारही गांव के ग्रामीण कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है जिससे उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा । बही स्कूली बच्चे भी निकलने में मजबूर है, कई बार तो फिसल कर चोटिल हो चुके हैं ।

पिछोर छत्रसाल स्टेडियम में होगा राज्यस्तरीय लोकोत्सव का भव्य आयोजन

02 से 03 मार्च तक चलेगा कार्यक्रम

संवाददाता हरिओम परिहार
पिछोर/शिवपुरी। पिछोर नगर के छत्रसाल स्टेडियम में 02 मार्च से राज्यस्तरीय लोकोत्सव का भव्य आयोजन सम्पन्न होने जा रहा है। जानकारी देते हुये भाजपा मंडल महामंत्री मुकेश पंसारी ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं दिब्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय लोकोत्सव 2023-24 का भव्य आयोजन पिछोर नगर के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राज्य के विभिन्न अंचलों से आये हुये विभागीय मान्यता प्राप्त एवं अन्य लोक कलाकारों द्वारा लोक नृत्यों एवं लोक गीतों की प्रस्तुतियों के रंगारंग कार्यक्रम को प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिब्यांगजन

सशक्तिकरण विभाग मंत्री मान.नारायणसिंह कुश्वाह होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता पिछोर विधायक प्रीतमसिंह लोधी करेंगे साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवपुरी जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती नेहा यादव उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम का प्रारंभ 02 मार्च को सायंकाल 05 बजे से होगा वहीं कार्यक्रम का समापन 03 मार्च को दोपहर 03 बजे सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान 300 कलाकारों द्वारा विभिन्न लोक शैली पर आधारित राई नृत्य, लांगुरिया नृत्य, बधाई नृत्य, बिरहा नृत्य, भगोरिया नृत्य, मांच नृत्य, काठीं नृत्य, गणगोर नृत्य, भवई नृत्य एवं फाग, बैगा, भीली आदि लोकगायन की रोचक प्रस्तुतियां दी जावेगी। आज 29 फरवरी को कार्यक्रम प्रभारी डिप्टीकलेक्टर वृजेन्द्र सिंह यादव ने डांकवंगला एवं जनपद पंचायत कार्यालय में बैठक ली जहां उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम के लिये निर्देशित किया। बैठक के दौरान सभी अधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने किया पिछोर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण

सीबीएमओ डॉ.भदकारिया को दिए सुधार हेतु आवश्यक निर्देश

संवाददाता हरिओम परिहार
पिछोर गत दिवस 28 फरवरी बुधवार को सुबह 11.30 बजे पिछोर

विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिछोर का औचक निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान विधायक द्वारा मौके पर ही स्टाफ से लेकर मरीज तक सभी की समस्याय और हाल-चाल को पूछा, इसके अलावा उन्होंने अस्पताल प्रांगण में पड़ी हुई गंदगी और अव्यवस्थाओं को लेकर उपस्थित स्टाफ को सफाई व्यवस्था करने हेतू निर्देश दिए गए साथ ही कड़े शब्दों में कहा कि ऐसा नहीं चलेगा अस्पताल में साफ सफाई 24 घण्टे दिखना चाहिए।पिछोर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सीबीएमओ डॉ रोहित भदकारिया अनुपस्थित होने के कारण अस्पताल में ड्यूटी पर उपस्थित डॉक्टर बृजेश शर्मा ने विधायक को अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी देते हुऐ बताया कि यहां एनेस्थीसिया के डॉक्टर ना होने से सीजर बंद है, नौ डॉक्टर के पद हैं जिसमे छः स्पेशलिस्ट और तीन मेडिकल ऑफिसर, जिसमें स्पेशलिस्ट डॉक्टर में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ बृजेश शर्मा है तथा मेडिकल ऑफिसर में डॉ संजीव वर्मा है। यहां नेत्रों का कोई चिकित्सक नहीं है बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ भी नहीं है ड्यूटी स्टाफ नर्स की संख्या कम है 30 नसों के पद है जिसमे 10 नर्से पदस्थ हैं एक्सरा टेक्नीशियन मे एक्सरा मशीन तो है पर एक्सरा लेने वाला कोई नहीं हैं।अल्ट्रासाउंड मशीन तो है पर उसे व्यवस्थित रखने के लिए जगह ही नहीं है ब्लड बैंक के लिए भी जगह नहीं है अलग से रूम ना होने की स्थिति में ब्लड बैंक भी नर्सों के रूम में है, मात्र एक वार्ड बॉय तथा एक आया बाई है ।कम से कम तीन बार्डबाय तथा आया बाई की आवश्यकता है इसके साथ ही मौके पर उपस्थित मरीजों के परिजनों ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र बनाने तथा प्रसूती सहायता की राशि दिलाने के पैसे लिए जाते हैं। इस दौरान विधायक ने प्रभारी सीबीएमओ डॉ रोहित भटकारिया को व्यवस्था सुधारने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ मुकेश पंसारी मंडल महामंत्री, आशीष चौधरी विधायक प्रतिनिधि,रंजीत रहोरा पूर्वमण्डल महामंत्री उपस्थित थे।

माता-पिता ने शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या,जांच में जुटी फिजिकल थाना पुलिस

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे
शिवपुरी- जिले के फिजिकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नट के नीम के पास एक युवक ने माता-पिता से शराब के लिए पैसे मांगे जब उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया तो उसने अपने दोनों हाथ ब्लेड से काटे और फिर फांसी के फंदे पर लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वही फिजिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को फांसी के फंदे से उतार जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चिक्की उर्फ रिंकेश शाक्य पुत्र दाताराम शाक्य उम्र 30 साल निवासी नट का नीम ने अपने माता पिता से शराब के लिए पैसे मांग रहा था। जब माता पिता ने पैसे देने से मना कर दिया तो उसने पहले तो अपने दोनों हाथ ब्लेड से काटे फिर ऊपर कमरे में जाकर फांसी के फंदे पर लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया है की मृतक की शादी 4 साल पहले भितरवार हुई थी। युवक नशे का शौकीन था जिसके चलते 1 साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके भाग गई। जिसके बाद से युवक और ज्यादा नशे का आदि हो गया था।

आबकारी की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही, एक आरोपी गिरफ्तार



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे
शिवपुरी- कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय, परिवहन, धारण की रोकथाम के लिए जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में गुरूवार को करैरा क्षेत्रांतर्गत म.प्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।आबकारी टीम ने दिनारा में दबिश देकर अवैध विदेशी मदिरा और बियर विक्रय करते हुए कमल शिवहरे के कब्जे से 19 बोतल और 48 कैन बोल्ट बियर, 7 पाव गोवा रम, 4 पाव बॉम्बे जिन, 06 पाव उक रम ?ब्त कर म.प्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक तीर्थराज भारद्वाज, आरक्षक सतीश जयंत, भूपसिंह धाकड़ का सराहनीय योगदान रहा।

भारतीय रजक संयुक्त मोर्चा मैं दिल्ली प्रदेश के रजक समाज में खुशी की लहर आर एस रजक

पुष्पांजलि टुडे
एडवोकेट श्रीमती भावना सिंघल जी ने संभाली दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद की कमानऔर कुमारी पूर्वा सांखला जी ने संभाली प्रदेश उपाध्यक्ष पद की कमानसुनील वर्मा जी ने पत्रकार से वार्तालाप करते हुए कहा की एडवोकेट भावना सिंघल जी दिल्ली रजक समाज की एक होनहार जिम्मेदार और काफी अनुभवी महिला है दिल्ली प्रदेश में वह ÷भारतीय रजक संयुक्त मोर्चा÷ का संपूर्ण रूप से गठन कर सकती हैं कुमारी पूर्वा सांखला जी भी दिल्ली के रजक समाज की एक पढ़ी-लिखी एक्टिव बेटी है और काफी अनुभवी है, इसलिए प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश उपाध्यक्ष दोनों मिलकर भली भांति समाज हित में कार्य करेंगेअब शीर्ष कमेटी एडवोकेट भावना सिंघल जी को 6 मंथ का समय देगी भावना सिंगल जी को 6 मंथ के भीतर दिल्ली प्रदेश का गठन करना होगाऔर ÷भारतीय रजक संयुक्त मोर्चा÷ का सामाजिक कार्य जमीनी स्तर से संपूर्ण देश में बड़ी तेजी से फैल रहा है÷भारसम÷ पर समाज की बड़ी-बड़ी हस्तियों की नजर रुकी हुई है

एडवोकेट भावना सिंघल प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली

पूर्वा सांखला जी प्रदेश उपाध्यक्ष दिल्ली

सरपंच पर जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपियों पर आई जी ग्वालियर ने बड़ाई इनाम की राशि

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे
शिवपुरी -बीते कुछ दिन पहले नवाब साहब रोड पर सरपंच के घर गोलीकांड करने वाले 3 आरोपियों में से 2 आरोपी अभी फरार चल रहे है। इस पर आई जी ग्वालियर ने इन फरार 2 आरोपियों पर 30 हजार का इनाम घोषित कर दिया है। इस गोलीकांड में 10 हजार का ईनामी आरोपी प्रभात रावत पूर्व से ही गिरफ्तार जा चुका है। पुत्र स्व.मुकेश कुमार रावत निवासी ग्राम गलहौनी थाना सिरसौद हाल निवासी चंद्रा कॉलोनी नवाब साहब रोड़ ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 17 फरवरी 2024 को उसके भाई कपिल रावत का एक शादी समारोह गए हुए थे, समारोह में प्रभात रावत निवासी सिह निवास से झगड़ा हो गया था उसी बात को लेकर शनिवार की रात करीब 11 बजे प्रभात रावत, प्रकट रावत, प्रमोद रावत तीनों काले रंग की स्कॉर्पियो से मेरे घर आये और तीनों मुझे माँ बहन गंदी गंदी गालियां देने लगे, मैंने गालियां देने से मना किया तभी मेरा चचेरे भाई राधे, दीपक रावत व अनिल ओझा मौके पर आ गये तभी प्रभात रावत ने पिस्टल से जान से मारने की नियत से मुझ पर फायर किये तो मैं नीचे झुक गया तो पिस्टल की गोली मेरे पीछे दीवाल में लगी जिससे मैं बाल बाल बच गया फिर बह तीनो लोग स्कॉर्पियो गाड़ी से भाग गये।पुलिस ने फरियादी संजय की शिकायत पर तीनों लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया था । कोतवाली पुलिस ने 23 फरवरी को प्रभात रावत को गिरफ्तार कर लिया था,वही प्रकट और प्रमोद रावत अभी फरार है,इसलिए पुलिस अधीक्षक ने इन दोनों फरार आरोपियों पर 30 का इनाम घोषित किया गया है।

सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिवस राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विज्ञान विषय के आचार्य के के अहिरवार उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विशाल भार्गव ने की सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य के के अहिरवार ने दीप प्रज्वलित किया एवं मां सरस्वती के चरणों मे वंदन किया एवं सीवी रमन को पुष्प अर्पित किए इसके पश्चात के के अहिरवार ने बताया की सीवी रमन भारत के ही नही प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे जिन्होंने भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपना परचम लहराया है उन्होंने सी वी रमन की उपलब्धियां वताई एवं उन्हें मिलने वाले प्रत्येक सम्मान से भैया बहनों को अवगत कराया उन्होंने बताया कि किस प्रकार से एक वह साधारण व्यक्ति से कितनी ऊंचाइयों को छू सके हमें भी अपने जीवन में उन्हें उतरना चाहिए भैया बहनों के द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में बहुत सुंदर हृदय की रंगोली , उत्सर्जन तंत्र , स्वसन तंत्र , नेफ्रॉन , न्यूरॉन्स फेफड़े आदि की मनमोहक एवं आकर्षक रंगोलिया को बनाया इसके पश्चात भैया बहनों के द्वारा चंद्रयान का बहुत ही आकर्षक मॉडल बनाया तथा पेट्रोलियम के प्रभा जी आसवासन मॉडल बनाया और उन्होंने इसका विश्लेषण भी किया इसके पश्चात नन्हे भैया बहिनो ने भी अपना सैनिटाइजर आकर्षण प्रयोग किया तथा उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हमें घरों में सैनिटाइजर का उपयोग ठीक प्रकार से करना चाहिए तथा कुछ भैया बहिनो ने वायु की गति पर आधारित मॉडल बनाया किस प्रकार से वायु की गति को हम पहचान सकते हैं कक्षा नवम की बहिनो ने फेफड़े एवं हृदय का बहुत ही आकर्षक एवं मनमोहक [illegible] उन्होंने बताया कि किस प्रकार से शरीर में रक्त शुद्ध होता है इसका पूरा विश्लेषण उन्होंने किया और अंत में विद्यालय के प्राचार्य विशाल भार्गव ने सीवी रमन की जीवन पर प्रकाश डाला और उन्होंने बताया कि हमें उन्हें आदर्श मानकर कुछ अपने जीवन में उनके साथ जो उन्होंने संघर्ष किया है जिस ऊंचाई पर वह पहुंचे हैं हमें भी अपने दैनिक जीवन में होने उतरना चाहिए तथा कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी का आभार व्यक्त कियाभेंट जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

जनपद में एक महिला कथित पत्रकार सक्रिय है।

जो इस वक्त चर्चा का विषय बनी हुई है। जिसका सिर्फ काम है लोगों को जाल में फंसा कर ब्लैकमेल करना। आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहती है। ऐसा नहीं की पुलिस को इस महिला गैंग के बारे में जानकारी ना हो , लेकिन हाथ डालने से कतरा जाती है। जानकार सूत्र बताते हैं कि इस महिला ने एक पुलिस कर्मी सहित कई लोगों को अपना शिकार बना चुकी है और यह सिलसिला जारी है। कोटेदार हो या बालू व्यवसाय। ,दवाव बनाकर अवैघ वसूली का प्रयास करती है। आये दिन लोगों को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देती रहती है जो पैसा नहीं दे पाता है तो झूठी तहरीर देकर झूठा मुकदमा लिखाने से बाज नहीं आती।

27 को आएंगे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, केबिनेट मंत्री शुक्ला ने की बैठक

मुरैना। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 27 फरवरी को मुरैना आएंगें। मुख्यमंत्री इस दौरान टाउन हाल में आयोजित ब्राह्मण समाज के कार्यक्रम में शिकरत करेंगें। इसके साथ ही करहधाम पर चल रहे सियपिय मिलन मेला में भी पहुंचेंगें और पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगें। मुख्यमंत्री भजनलाल के आवागमन को लेकर केबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला ने ब्राह्मण समाज के लोगों के साथ दिल्ली गार्डन में बैठक की। इस दौरान कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान बैठक में पूर्व मंत्री गिर्राज डंडौतिया, हरिओम शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता, दिनेश डंडौतिया, ब्रजकिशोर डंडौतिया, देवीराम उपाध्याय, भूपेंद्र बालोठिया, संजय शर्मा, संजय डंडौतिया, प्रेमकांत शर्मा, राजेश शर्मा सहित अन्य ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारी इस बैठक में मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल के टाउन हाल पहुंचने पर उनके सम्मान कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई।

कैलारस- मुख्यमंत्री राजस्थान के आगमन को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक सम्पन्न

राजिस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के 27 फरवरी मंगलवार को दोपहर 12 बजे मुरेना टाउन हॉल में ब्राह्मण समाज के द्वारा स्वागत किया जाएगा एवम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवम मध्यप्रदेश के मंत्री और कार्यक्रम प्रभारी राकेश शुक्ला समाजजनों को संबोधित करेंगे ! मुख्यमंत्री केआगमन को लेकर कैलारस ब्राह्मण धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गयाबैठक में ब्राह्मण समाज के संगठन के पदाधिकारियों सहित समाज के प्रबुद्धजन सेक?ो की संख्या में मौजूद रहे ! होने वाले कार्यक्रम में कैलारस और अंचल से भी समाजजन की भारी तादाद मुरैना टाउन हॉल में पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी का स्वागत करेंगे इसी को

लेकर बैठक में समाज के लोगो से अपील की गई कि 27 फ़रवरी 2024 दोपहर 12 बजे सम्पन्न होने जारहे कार्यक्रम में उपस्थित रहकर अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करें !बैठक में अतिथि मुरेना से श्री वल्लभ दंडोतिया, देवी राम उपाध्याय, बाल कृष्ण शर्मा (साठा), परशुराम बालोठिया सहित कैलारस ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजन सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे बेठक में उपस्थित लोगों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के आगमन को लेकर हर्ष व्यक्त किया एवम आग्रह किया ब्राह्मण समाज के सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर एकता का परिचय दे ! ब्राह्मण नेताओं ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को ब्राह्मण समाज अपनी समस्याओं से भी अबगत करायेगा इसलिए आप सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित हो !

लोकसभा प्रत्याशी को मेरे से तीन गुना अधिक वोटों से जिताएं - उमाकांत शर्मा

लोकसभा कार्यालय का हुआ शुभारंभ

सिरोंज। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने शंखनाद कर दिया है गुरुवार को सागर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सिरोंज विधानसभा में लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हुआ। क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा ने भाजपा संगठन के नेताओ ओर जनप्रतिनिधियों के साथ भगवान की पूजा अर्चना एवं समाज के सभी वर्गों की नौ कन्याओं का पूजन करते हुए लोकसभा चुनाव में कमल के फूल के प्रत्याशी को विधानसभा में हुई सत्ताईस हजार से तीन गुना अधिक वोटों से विजय बनाने का संकल्प दिलाया। लोकसभा चुनाव की लटेरी रोड स्थित एक निजी भवन में सागर लोकसभा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करते हुए स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए 1925 में डॉ हेडगेवार द्वारा देश प्रेम की भावना से जो पौधा लगाया गया था वह आज बटवृक्ष बनकर सारे विश्व मे लहलहा रहा है। संघ के स्वयं सेवक के रूप में काम करते करते हुए एक साधारण स्वयं सेवक अटलबिहारी बाजपेयी जी पहले प्रधानमंत्री बने है ओर चाय बेचने वाले नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री है नरेंद्र मोदी ने समाज के सभी वर्गों के मान सम्मान को बड़ाने का काम किया है । आज कांग्रेस चारों खाने

चित है हमारा आत्मविश्वास अच्छा है कार्यकर्ताओ में उत्साह उमंग है परंतु चुनाव के दौर में गर्मी रहेगी सूरज तपेगा ओर इसी तपिश में बम जितनी अधिक मेहनत कर लेंगे उतने अधिक वोटों से हम अपनी सागर लोकसभा के कमल के फूल के प्रत्याशी को जिता कर भेज सकेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाते हुए कहा कि जितने वोटों से आपने सिरोंज लटेरी के विधानसभा प्रत्याशी के रूप में जिताया था उससे तीन गुना अधिक वोटों से हमकों सागर लोकसभा के प्रत्याशी को विजय बनाना है। इस मोहक पर विधानसभा के विस्तारक राहुल मारण ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित राजनैतिक दल है लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है आप सभी कार्यकर्ता अपने दैनिक जीवन का कुछ समय संगठन के लिए समर्पित करें। भारत संतो की भूमि है बम बसुधैव कुटुम्बकम के नारे को बुलंद करते हुए अपनी लोकसभा के प्रत्याशी को सिरोंज लटेरी विधानसभा से मजबूती देकर नरेंद्र मोदी को मजबूत करने का काम करेंगे। इस मौके पर विधायक शर्मा ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करते हुए उन्हें कार्यालय संचालन की जिम्मेदारी भी सौपी। इसके पूर्व सभी भाजपा पदाधिकारियों ने सनातन संस्कृति अनुसार देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर नौ कन्याओं का पूजन भी किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष पारस तारण,रमेश यादव,हरिबाबू भार्गव, नारायण दास साहू,मनोज शर्मा,डॉ पीके विश्वास, कामराज पाटीदार,हरिचरण अहिरवार,सुमंत मित्तल,अनिल यादव,संतोष रघुवंशी, सचिन शर्मा, आदि के साथ कार्यकर्ताबन्धु उपस्थित रहे।

कार्यकर्ता केंद्र एबम राज्य सरकार की गरीब एवं जन कल्याण कारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करे : नरवरिया

संतोष सिंह भदौरिया।
दैनिक पुष्पांजली टूडे न्यूज़।

गोरमी।भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी की लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला नगर के थाना रोड स्थित थापक भवन पर आयोजित की गई।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह नरवरिया मौजूद थे विशेष अतिथि के रूप में जिला मंत्री राजकुमार जैन बरिष्ठ नेता श्री कृष्ण कटारे पटेल यादव अतिराज नरवरिया मौजूद थे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी अतिथियो पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने प्रस्तुत की। और कहा यह हम सब कार्यकर्ता अब मिशन 2024 की तैयारी में पूरे ताकत से लग जाये। ।इस अबसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिलाअध्यक्ष श्री देवेन्द्र सिंह नरवरिया ने कहा कि हम सबको अपने अपने बूथ केंद्र पर पार्टी को इतना मजबूत करना है कि पार्टी को यहां पर 61त्न वोट मिले इसके लिए हमें केंद्र एवं राज्य सरकार की जन

कल्याणकारी योजनाओं यानी मोदी गारन्टी का प्रचार प्रसार घर-घर तक करना है एवं अलग-अलग समाज एवं वर्ग के लोगों को जो लाभार्थी बर्ग है उसको पार्टी की रीति नीति से जोड़ना है हम सब राजनीति में एक मिशन की तरह आए हैं हमें मां भारती की सेवा करनी है राजनीति हमारे लिए एक सेवा का माध्यम है इस बार का लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है मिशन 2024 की सफलता के लिए हमने मिशन 2023 का चुनाव यानी सेमीफाइनल जीत लिया है इसलिए हम सब सारे मतभेद भुलाकर पार्टी के लिए जी जान से जुट जाएं। ये हमारा फाइनल है पार्टी हमारे लिए हमारी मां के समान है हमें अपनी मां का आत्मसम्मन रखना है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य ने किया एवं अंत में आभार प्रकट ऋषि केश शर्मा ने किया किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल रामवीर गुर्जर धुर्व शर्मा रामकृष्ण यादव शिवराज यादव युवा मोर्चा अध्यक्ष मोनू शर्मा पिछड़ा बर्ग अध्यक्ष प्रेम प्रताप नरवरिया किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय कुशवाहा रमाकान्त शर्मा तेजपुरा उत्तम शुक्ला ऋषिकेश शर्मा राहुल थोकदार राजीव श्रीवास्तव रवि सोनी डॉ वेद प्रकाश शर्मा ज्योति यादव गीता शर्मा अजय तिवारी राममोहन शर्मा कमलेश पटेल राहुल कटारे बृज किशोर थापक सोनू थोकदार संजू खान गब्बर तोमर रामकुमार शर्मा रणवीर परमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

शिवाजी पब्लिक स्कूल के बच्चे गए पिकनिक मनाने, खूब मस्ती की

दैनिक पुष्पांजली टुडे
संवाददाता मालनपुर

मालनपुर 7मालनपुर क्षेत्र के समीप संचालित शिवाजी पब्लिक स्कूल की परंपरा शुरू से ही कुछ अलग हटकर करने की रही है। गुरुवार को स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए फन और मस्ती से भरा दिन था। विद्यालय के संचालक वरिष्ठ समाजसेवी एवं पशु प्रेमी दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू द्वारा विद्यालय के छात्रों को बसों और वाहनों द्वारा शहर से दूर पहाड़ियों से घिरे हुए पर्यटक स्थल तिघरा डैम एवं धार्मिक स्थल देव खो पिकनिक पर ले जाया गया। पर्यटक स्थल पर घूमते हुए बच्चों का कौतूहल और उत्साह देखने के काबिल था। कई बच्चे पहली बार ग्रुप में पिकनिक पर गए थे और सभी ने जम कर मस्ती की। पहले बच्चों ने वहीं पर पूरे अनुशासन में लंच किया फिर बगीचे में लगे विभिन्न झूलों का जम कर आनन्द लिया। इसके बाद हरी घास के लॉन पर फिजिकल गेम दौड़ना, खो-खो, कबड्डी, रस्सी कूद, अंताक्षरी,क्रिकेट इत्यादि खेल खेल कर खूब मस्ती की। इस अनूठे आयोजन पर स्कूल के संचालक ने बताया कि मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों को आत्मनिर्भर बनने और आसपास के माहौल के साथ तालमेल बिठाने में ऐसी एक्टिविटी मददगार होती हैं। पिकनिक मनाने के बाद सभी को भोजन कराया गया इस अवसर पर सभी बच्चे बहुत ही खुश और उत्साहित दिखाई दे रहे थे द्यइस बाल पिकनिक में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ, विद्यालय की प्रिंसिपल नेहा सिंह, अर्जुन सिंह, सुनील ,पूजा, रितु , प्रिया, नैंसी, प्रीति ,विवेक, अनूप त्यागी, राजेश ,सुमन लता ,आरती शर्मा, आरती पाल इत्यादि शिक्षक शिक्षिकाएं भी छात्र-छात्राओं के साथ रहे

रामदेव प्रार्थना मंदिर की प्रथम वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई

धूमधाम से निकाला वरघोड़ा जयकारों से धर्ममयी हुई अग्रहारा दासरहल्ली

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

बेंगलूरू। मागड़ी रोड अग्रहारा दासरहल्ली स्थित रामदेव प्रार्थना मंदिर की प्रथम वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई। महोत्सव के तहत गुरूवार सुबह लोक देवता बाबा रामदेवजी का भव्य वरघोड़ा निकाला गया। वरघोड़ा हनुमान मंदिर से मुख्य मार्गो से होकर रामदेव प्रार्थना मंदिर पहुंचा। वरघोड़े में सबसे पहले आगे बाबा रामदेव जी का ध्वज शांति एवं एकता का परिचय दे रहा था। बाबा रामदेव भक्त मण्डल के सदस्य धर्म ध्वज के साथ बाबा के जयकारे लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा यहां जहां से गुजरी लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वरघोड़े में अनेक गैर मंडलों ने भाग लिया। रंग बिरंगी छतरियां एव कलर पेपर से सुसज्जित डांडिया के साथ गैर नृत्य कर रहे सदस्य सभी के आकषर्क का केंद्र रहे। चंग की थाप पर फाल्गुन गाते गैर मंडल के घेरे में चल रहे सदस्यों ने बाबा रामदेव के गुणों का बखान किया। वरघोड़ा विभिन्न मार्गो से होता हुआ रामदेव प्रार्थना मंदिर पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हो गया। उसके बाद मंदिर में पूजा-अर्चना व महाआरती की गई। इस मौके पर बाबा रामदेव की प्रतिमा का श्रृंगार कर नई पोशाक धारण करवाई गई। वैदिक मंत्रोच्चारण साथ लाभार्थी परिवार द्वारा मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। संस्था के अध्यक्ष चेतन सीरवी ने स्वागत किया। संरक्षक इन्द्रलाल सोलंकी ने पधारे सभी समाज के बंधुओ का तहदिल से आभार प्रकट करते हुए बताया कि छतीष कौम समाज बंधुओ द्वारा सम्मलित होकर एक ही छत के निचे प्रथम वर्षगांठ मनाना छतीष कौम समाज के लिए बड़े गर्व की बात है। इससे समाज में एकता व भाई चारा बना रहे। सचिव पंकज शर्मा ने प्रथम वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं दी। रामदेव प्रार्थना मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य दीपक राठौड़ के सानिध्य में पुजा हवन आदि कार्यक्रम सपन्न हुए। कार्यक्रम में महाप्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। जिसका भक्तों ने सपरिवार लाभ लिया। इससे पूर्व संध्या को आयोजित भजन संध्या में बेंगलूरू शहर के भजन गायकों ने एक से बढ़कर प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विभिन्न भक्तिमय भजनों से माहौल धर्ममयी हो गया। भजन गायको ने गणपति वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में पधारे छतीष कौम के पदाधिकारी एवं चढ़ावों का लाभार्थियों का ट्रस्ट की ओर से माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर सरक्षंक पुखराज मेहता, राजेश पारिक, रमेश चावत, सोहनसिंह एवं मंडल के सलाहकार सदस्य भानाराम गेहलोत, देवीसिंह राजपुरोहित, भंवरलाल गेहलोत एवं रामदेव भक्त मण्डल के समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं छतीष कौम के प्रवासी मौजूद रह

कांग्रेस ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा

दैनिक पुष्पांजली टुडे

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा और अधिकारियों के बीच हुई तीखी नोक झोंक

समय देने के बाद भी कलेक्टर ऐनवक्त पर कलेक्ट्रेट से चले गए

कांग्रेसीजनो की जिद्द पर कलेक्टर को स्वयं आकर ज्ञापन लेना पड़ा

कांग्रेसीयो ने जिला प्रशासन मुर्दाबाद जिला प्रशासन होश में आओ के नारे लगाए

कलेक्ट्रेट परिसर में ही धरना प्रदर्शन कर रामधुन गाई भिण्ड । जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में किसानों की देश प्रदेश में व्याप्त समस्याओं के निदान हेतु विभिन्न मांगों को लेकर मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा ।

जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा जब ज्ञापन देने पहुंचे तो कांग्रेसियों के सामने से ही कलेक्टर निकल गए, और उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन लेने भेज दिया जब कांग्रेसियों ने उन्हें ज्ञापन देने से मना कर दिया तब अपर कलेक्टर राजकुमार खत्री ज्ञापन लेने आए तो कांग्रेसी भड़क गए और कलेक्टर को ही ज्ञापन सौपने की जिद्द पर अड़ गए,और वही कलेक्ट्रेट परिसर पर ही धरना-प्रदर्शन और जिला प्रशासन मुर्दाबाद की नारेबाजी करते हुए बैठ गए एडीएम के द्वारा बहुत कहने पर भी कांग्रेसीजन कलेक्टर को ही ज्ञापन देने पर अड़े रहे,तो बिगड़ती स्थिति को देखकर एडीएम ने कलेक्टर को फोन लगाकर कांग्रेसियों के आक्रोशित होने की जानकारी दी,जिसकी गम्भीर स्थिति को समक्षते हुए कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को ज्ञापन लेने स्वयं ही आना पड़ा।कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि भाजपा के राज्य में देश प्रदेश की स्थिति आज बद से बदतर हो गई है किसानों के साथ अत्याचार किया जा रहा है,भाजपा की केंद्र सरकार मनमाने तरीकों से कानून बनाने में लगी है जिससे आम नागरिक प्रताड़ित हो रहा है, किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं तो उन पर झुटे मुकदमे लगाए जा रहे हैं, लाठियां,गोलियां मारी जा रही हैं, श्री कुशवाहा ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र खतरे में है।लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी देवाशीष जरारिया ने कहा कि भारत देश कृषि प्रधान देश है,देश की बड़ी आबादी कृषि पर आधारित है। सरकार का लोक जनकल्याण के लिए दायित्व बनता है इतनी बड़ी आबादी की मांगों को शीघ्र न्याय स्वरूप स्वीकार किया जाना चाहिए।वरिष्ठ नेता डॉ.राधेश्याम शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं,आमजनता के लिए कांग्रेस पार्टी हर मोर्चे पर तैयार है।

कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए रामधुन भी गाई

ज्ञापन पत्र बिन्दुवार-

1. प्रदेश में भाजपा सरकार की घोषणा पत्र में गेहूं 2700 रुपये प्रति क्विंटल व धान 3100/- रुपये क्विंटल खरीदने की बात कही थी, जिसे पूरा कराया जाये।
2. देश भर में चल रहे किसान आन्दोलन में शहीद हुए किसानों के परिजनों को मुआवजा राशि दी जाये ।
3. किसानों को एम.एस.पी कानून की गारन्टी दी जाये।
4. प्रदेश भर की मण्डियों में तील कॉटे बढ़ाये जायें ।
5. किसानों को 5 हॉर्सपावर तक के विद्युत कनेक्शन फ्री दिये जायें ।
6. मनरेगा के तहत् मजदूरी के कार्य दिवसों को बढ़ाया जाये तथा न्यूनतम मजदूरी 700/- रुपये निर्धारित कराई जाये ।
7. स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू कराई जायें

ज्ञापन कर्ताओ में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता डॉ. राधेश्याम शर्मा,देवाशीष जरारिया,इरशाद अहमद,मनोज देपुरिया,श्रीमती रेखा बसेडिया,श्रीमती रेखा भदौरिया,सुनीता कुशवाह,योगेश शाक्य,डॉ अनिल भारद्वाज,हरनारायण शर्मा,वीरेंद्र सिंह यादव,पंकज त्रिपाठी,राजेंद्र परिहार,संतोष त्रिपाठी,संदीप मिश्रा,बलराम जाटव,विनोद पंडित,दर्शन सिंह तोमर अहिबरन सिंह बघेल,अरविंद सोनी,कृष्णगोपाल चौरसिया,नवल सिंह जाटव,विक्रम सिंह,विजय गोयल,राजू लोधी,शिवप्रताप कुशवाह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

भिण्ड जिले से हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की चम्बल - ग्वालियर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत, आमसभा,रोड़ शो में जिला भिण्ड के कार्यकर्ताओं के शामिल होने के लिए तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सम्बंध में जानकारी देते हुए तैयारियों के सम्बंध में जानकारी दी।श्री कुशवाहा ने कहा कि इस यात्रा को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में तो उत्साह है ही आमजनता में भी उत्साह देखने को मिल रहा है, श्री कुशवाहा ने कहा कि देश में जनता परिवर्तन चाहती है, और श्री राहुल गांधी की इस यात्रा को सम्पूर्ण भारत बर्ष में बहुत बड़े पैमाने पर समर्थन मिल रहा है,उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए जिला भिण्ड से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

बैठक को शहर जिलाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम शर्मा,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया,जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद,वीरेंद्र सिंह यादव, आदि ने संबोधित किया।बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता डॉ. राधेश्याम शर्मा,देबाशीष जरारिया, इरशाद अहमद,मनोज देपुरिया,श्रीमती रेखा बसेडिया,श्रीमती रेखा भदौरिया,डॉ. अनिल भारद्वाज,सुनीता कुशवाह,योगेश शाक्य,हरनारायण शर्मा,वीरेंद्र सिंह यादव,पंकज त्रिपाठी,संतोष त्रिपाठी,राजेंद्र परिहार,बलराम जाटव,विनोद पंडित,दर्शन सिंह तोमर अहिबरन सिंह बघेल,अरविंद सोनी,कृष्णगोपाल चौरसिया,नवल सिंह जाटव,विक्रम सिंह,विजय गोयल,राजू लोधी,शिवप्रताप कुशवाह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कुमावत समाज ट्रस्ट मयलसंद्रा राधा कृष्णा मंदिर की नई कार्यकारिणी का गठन

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

बेंगलूरू- श्री कुमावत समाज ट्रस्ट मयलसंद्रा बेंगलूरू दक्षिण राधा कृष्णा एवं आशापुरा मंदिर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित से हुआ। आम सभा में नवीन कार्यकारिणी गठन हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश गुगवान उपाध्यक्ष भंवर लाल भदाणिया, सहउपाध्यक्ष घेवरचंद चांदोरा, सचिव नारायण लाल गुगवान, सहासचिव -मानक चंद बाकरेचा कोषाध्यक्ष चुतराराम ईटाड़ा, सह कोषाध्यक्ष मोतीलाल गुड़िया, सलाहकार हस्तीमल घोड़ावड़, प्रचार मंत्री ओमप्रकाश दुबलदिया, सहप्रचार मंत्री मनोहर लाल नादिवाल, सुखलाल गुगवान,नारायण लाल भदानिया को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन लाल दुबलदिया ने नवीन कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी और उन्होंने कहा की में आशा करता हुं जरूर आप समाज कल्याण एवं हितेषी कार्य करेंगे। पूर्व सचिव कानाराम दुबलदिया ने शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष ओमप्रकाश गुगवान ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप समाज में शिक्षा संस्कार एवं संगठन के लिए आप जरूर कर्तव्य से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। सचिव नारायणलाल गुणवान ने कहा कि जिनको भी पद मिला है आप उन पद की गरिमा बनाए रखेंगे एवं सबका साथ सबका विकास के मंत्र से आप समाज का विकास जरूर करेंगे।

अयोध्या जाने वाले नागरिकों का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया रजिस्ट्रेशन

ग्वालियर । 2 मार्च को भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या के लिए ग्वालियर से विशेष आस्था ट्रेन चलेगी जिसमें ग्वालियर में आसपास के रहवासी भगवान श्रीराम के दर्शन हेतु अयोध्या जा सकेंगे। गुरुवार को जिलाध्यक्ष अभय चौधरी एवं यात्रा प्रभारी विनोद शर्मा ने आस्था ट्रेन से अयोध्या जाने वाले स्थानीय नागरिकों के रजिस्ट्रेशन फार्म भरवा कर जमा किए। रजिस्ट्रेशन करवाते समय श्रद्धालुओं ने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि अयोध्या जाने का मौका मिलेगा, अब मौका मिल रहा है तो रामलला के दर्शन को लेकर हम काफी खुश हैं। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ग्वालियर चंबल अंचल से लोकसभा में महिला दावेदार ...

अंचल की किसी एक लोकसभा सीट पर भाजपा दे सकती है महिला को मौका

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

ग्वालियर-लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने जमीनी स्तर पर युद्ध स्तर तक की तैयारी शुरू कर दी है । वर्तमान राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अलग अलग राज्यों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र सिखा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ पार्टी की ओर से अलग अलग स्तर पर रायशुमारी कर दावेदारों के बायोडाटा का एक्सरे किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में इस बार भाजपा मिशन 29 लेकर चल रही है इसके लिए कई लोकसभा सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया जाना तय माना जा रहा है। बात ग्वालियर चंबल अंचल की लोकसभा सीटों की की जाए तो गुना, ग्वालियर और मरैना सीट में से किसी एक पर भारतीय जनता पार्टी महिला उम्मीदवार को मौका दे सकती हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा आलाकमान भी लगातार महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को आगे बढ़ाने की वकालात करता रहा है , और इस दिशा में प्रदेश की भाजपा सरकार लाड़ली बहना योजना चला रही है तो वहीं छत्तीसगढ़ में नवगठित सरकार में महतारी वंदन योजना प्रारंभ कर महिलाओं को सशक्त करने की ओर कदम बढ़ाए हैं ,यही नहीं खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखपति दीदी बनाने से लेकर राजनीति में महिलाओं की पचास फीसदी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात करते हैं।ग्वालियर चंबल अंचल से लोकसभा चुनाव में भाजपा ने यदि महिला कार्ड चला तो प्रबल और सशक्त दावेदार के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेत्री और समाजसेविका डॉ. सलोनी सिंह धाकड़ का नाम प्रमुखता से चर्चा में है। सलोनी सिंह लंबे समय से समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करने के साथ भारतीय जनता पार्टी में एक सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका में कार्यरत हैं। सलोनी सिंह उच्च शिक्षित और महिला होने के साथ साथ ओबीसी चेहरा भी है जो अंचल के बड़े वोट बैंक का प्रतिनिधित्व भी करता है। अंचल की कई विधानसभा सीटों पर भाजपा के लिए कार्य कर चुकी सलोनी सिंह जातिगत वोट बैंक के आधार पर भी प्रबल दावेदार हैं जिसका लाभ सीधे तौर पर भाजपा को मिलेगा । निर्विवाद , शिक्षित , ओबीसी चेहरा, और महिला उम्मीदवार के रूप राजनीतिक गलियारों में सलोनी सिंह के लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा चल पड़ी है, अब देखना होगा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने की बात करने वाली भाजपा सैद्धांतिक रूप से चुनाव में महिलाओं को कितना अवसर प्रदान करती है।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सरस्वती विद्या मंदिर में किया अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गुरुवार को ग्वालियर-15 विधानसभा क्षेत्र के बादलगढ़ किला गेट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में विधायक निधि से 6.50 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर शिक्षा के स्तर में गुणोत्तर विकास की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर घर में शिक्षा का अलख जगाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता की कुंजी है, और शिक्षक अपने छात्रों के जीवन पर स्थायी प्रभाव डालते हैं, जिससे वह अपने जीवन में सफल होते हैं। जो लोग सोचना जानते हैं, उन्हें किसी सिखाने वाले की ज़रूरत नहीं होती। शिक्षा का कार्य गहराई से और गंभीर रूप से सोचना सीखना है। बुद्धिमत्ता के साथ चरित्र यही सच्ची शिक्षा का लक्ष्य है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्यालय परिवार को भरोसा दिलाया कि आप स्टीमेट बनवाकर भेजें हम जून-जुलाई में विद्यालय को स्मार्ट क्लास के साथ नया फर्नीचर उपलब्ध कराएंगे।इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर परिवार के श्री सीबी शर्मा, श्री चतुर्भुज शर्मा, श्री सुनील अग्रवाल, श्री अशोक अग्रवाल, श्री राजेन्द्र जैन, श्री राजेश शर्मा आदि ने ऊर्जा मंत्री का स्वागत करते हुए आभार जताया।

जनसंपर्क विभाग के वाहन चालक राजेन्द्र सिंह हुये सेवानिवृत्त

ग्वालियर । लगभग साड़े 38 साल की शासकीय सेवा के बाद जनसंपर्क विभाग के वाहन चालक राजेन्द्र सिंह बुंदेला गुरूवार को सेवानिवृत्त हो गए। जनसंपर्क परिवार ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। साथ ही उनके सुखद स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य के लिये कामना की। संभागीय जनसंपर्क कार्यालय परिसर में आयोजित हुए विदाई समारोह में उप संचालक जनसंपर्क मधु सोलापुरकर, वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल व देव श्रीमाली सहित जनसंपर्क परिवार के अधिकारी व कर्मचारियों ने वाहन चालक राजेन्द्र सिंह की कार्यशैली की सराहना की। इस अवसर पर सभी ने कहा कि जनसंपर्क परिवार उनकी सेवाओं को सदैव याद रखेगा। साथ ही हर संभव सहयोग करेगा। कार्यक्रम का संचालन सहायक जनसंपर्क अधिकारी हितेन्द्र सिंह भदौरिया ने किया। इस अवसर पर नरेन्द्र कुमार गुलाटी, श्रीमती अलका माथुर, श्रीमती राधा शर्मा, विजय चैहान, रमेश कुशवाह, भूपेन्द्र भारद्वाज, हरेन्द्र सिंह सेंगर, संतोष बाथम, राहुल श्रीवास, रविन्द्र शर्मा, संजू, जीतू, राहुल बाथम एवं वाहन चालक संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

श्री आदर्श रामलीला का होली महोत्सव 16 मार्च से

ग्वालियर। होली का पर्व आते ही जहां देशभर में अपने-अपने तरीके से होली का पर्व मनाया जाता है तो वही झंग बिरादरी इस पर्व को धर्म और आस्था का प्रतीक मानकर सबसे बड़े त्यौहार के रूप में मनाती है। जिसमें ग्वालियर से निकलकर अन्य प्रांत में पहुंचे झंग समाज के लोग श्री आदर्श रामलीला के मंचन पर यहां पहुंचते हैं। श्री आदर्श रामलीला को लेकर समिति के अध्यक्ष हरिओम नागपाल, पंजाबी सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल अरोरा की अध्यक्षता में गुरूवार को एक बैठक हरिहर मंदिर आदर्श कॉलोनी में रखी गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा हुई और मंचासीन आदर्श कॉलोनी पंचायत के अध्यक्ष बलवंत मदान, हनुमान नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रमोद पाहवा, भरत कथूरिया, सोमनाथ अनेजा, देवकीनंदन अरोरा, कश्मीरी लाल बत्रा, जगन्नाथ पाहवा, किशन लाल नागपाल,

कश्मीरी लाल खुराना, जवाहर सचदेवा, जगन्नाथ अरोड़ा, तिलकराज बेरी, प्रवीण नागपाल के बीच विचार विमर्श कर निर्णय हुआ कि 16 मार्च शनिवार को श्री आदर्श रामलीला स्थल पर भूमिपूजन एवं सुंदरकांड का पाठ के साथ होली महोत्सव का शंखनाद होगा।

प्रतिदिन लीला मंचन के साथ 26 मार्च मंगलवार को श्रीराम के राज्याभिषेक एवं चल समारोह के साथ रामलीला का समापन होगा। बैठक में रवि बत्रा, ओमप्रकाश कथूरिया, धीरज पोपली, अशोक तलुजाकालू, मिरजोश गुलाटी, देवेंद्र अरोड़ा, अशोक सुनेजा, सुभाष अरोड़ा, सतीश पाहवा, बलदेव खुराना, राजकुमार अरोड़ा, अशोक अरोड़ा, रवि अनेजा, श्याम सचदेवा, विजय बत्रा, नवीन बत्रा, सुमित बत्रा, राजू कवातरा, मनोज जुनेजा, दिलीप बत्रा, राजू बडजात्या, हार्दिक खुराना, रिंकू बेरी, बंटी बत्रा, शैंकी सचदेवा एवं मीडिया प्रभारी राजू पंडित उपस्थित थे।

ग्वालियर की शिखा सिकरवार करेंगी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व

ग्वालियर। नेहरू युवा केंद्र संगठन भोपाल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा संसद महोत्सव प्रतियोगिता में ग्वालियर की शिखा सिकरवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर युवा संसद महोत्सव का कार्यक्रम संविधान सदन के सेंट्रल हॉल, नई दिल्ली में 5-6 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसमें शिखा अपने विचार संसद में प्रस्तुत करेंगी। राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में शिखा ने आत्मनिर्भर से विकसित भारत पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्तमान में तैयार ये युवा भारत तत्पर है न केवल विकसित राष्ट्र बनने के लिए अपितु वसुधैव कुटुम्बकम् की सोच रख कर विश्व गुरु बनने के लिए भी। साथ ही बहुआयामी बिंदुओं की ओर निर्णायक सदस्यों का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि युवा शक्ति में सामर्थ्य और संभावना है भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की। बता दें कि नेहरू युवा केंद्र ग्वालियर द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद में शिखा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उसके बाद मध्य प्रदेश के 52 जिलों से 104 प्रतिभागियों के मध्य हुई राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में शिखा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ग्वालियर जिले का मान ब?ाया। राष्ट्र स्तर पर प्रत्येक राज्य से प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी अपने विचार संसद में प्रस्तुत करेंगे साथ ही राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए क्रमशः 2 लाख रुपए, 1.5 लाख रुपए और 1 लाख रुपए पुरस्कार राशि जीतने का सुनहरा अवसर भी है।

सीसुबल सहायक प्रशिक्षण केन्द्र महानिरीक्षक सूर्यप्रकाश तिवारी सेवानिवृत्त

ग्वालियर। सीसुबल सहायक प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर के महानिरीक्षक सूर्य प्रकाश तिवारी गुरूवार को सेवानिवृत्त हो गये। महानिरीक्षक तिवारी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।उल्लेखनीय है कि सूर्य प्रकाश तिवारी ने महानिरीक्षक पद पर प्रोन्नत होकर सहायक प्रशिक्षण केन्द्र सीसुबल टेकनपुर की कमान बीती 5 जुलाई 2023 को संभाली थी। इस प्रशिक्षण केन्द्र के विकास में उनका काफी योगदान रहा है। साथ ही उन्होंने इस केन्द्र के प्रशिक्षण स्तर को भी काफी उच्च स्तर पर पहुँचाया है। वे गुरूवार को लगभग 37 वर्ष की देश सेवा करके सीमा सुरक्षा बल से सेवानिवृत्त हो गये हैं। विदाई समारोह में सीसुबल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानित किया।

भाजपा सरकार में किसान अपना हक पाने के लिये आंदोलन करने को विवश: कांग्रेस

– फूलबाग चौराहे पर कांग्रेस ने धरना देकर किसानों का समर्थन किया

ग्वालियर । किसानों की जायज मांगों के समर्थन में शहर कांग्रेस ने गुरूवार को फूलबाग चौराहा पर धरना दिया। धरने का नेतृत्व जिलाध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने किया। धरने में विशेष रूप से ग्वालियर प्रभारी योगेश जाट, पूर्व सांसद रामसेवक बाबूजी, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार मौजूद थे। धरने में कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में देश की जनता का पेट भरने वाले गरीब किसानों को अपनी मेहनत का हक पाने के लिए आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। भारत एक कृषि प्रधान देश है, देश का किसान खेतों में चिलचिलाती गर्मी, कड़कड़ती सर्दी एवं भीषण बरसात में कड़ी मेहनत करके जनता की भूख मिटाने के लिए अनाज पैदा करता है और आज उस ही किसान को अपना हक पाने के लिए आत्महत्या जैसा कदम उठना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के अन्नदाता किसानों की जायज मांगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। धरने पर कार्यकारी अध्यक्ष वीर सिंह तोमर, संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, जयराज चौहान, अवधेश कौरव, मेहबूब चेन वाले, श्रीमती वीणा भारद्वाज, राजीव शर्मा, महादेव अपौरिया, राजेश बाबू, मुनेन्द्र भदौरिया, नवीन भदकारिया, राजेश खान, देशराज भार्गव एड, महेन्द्र शर्मा, संजीव दीक्षित, अशरफ खान, रामअवतार जाटव, जीतू कुशवाह, ओमप्रकाश राजपूत, कुलदीप मगरैया, बृजेश शुक्ला, जसवंत शेजवार, अलाउद्दीन, अतुल जैन सहित अनेक कांग्रेसजन बैठे थे।

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमलीपदर मे उमड़ा जनसैलाब स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित

गरियाबंद जिला के सुदूर वनांचल में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीपदर विकासखंड मैनपुर का 50 वर्ष पूर्ण होने पर शाला प्रांगण में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गोवर्धन सिंह मांझी जी पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, श्री डमरू धार पुजारी जी पूर्व विधायक, अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य श्री श्याम लाल पांडे जी, श्री रूद्र प्रसाद अवस्थी जी, श्री राम राजेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती पुष्पा दुबे ,पूर्व छात्र श्री बोधन नायक, श्री कांतिलाल पत्थर ,श्री कुंज बिहारी साहू, श्री लोकेंद्र सिंह कोमार्रा, श्री केनु राम यादव, श्री मुनेंद्र कुमार जोशी, श्री संपत लाल जैन, श्री प्यारेलाल दुबे , श्री प्रेम राव वाघे, श्री रोशन लाल अवस्थी, श्री जमील मोहम्मद खान रहे हैं इस संस्था की स्थापना

1 नवंबर 1971 को हुआ इस संस्था से अनेक छात्र उत्तीर्ण होकर छत्तीसगढ़ी नहीं बल्कि विदेशों में भी अच्छे-अच्छे पदों पर कार्यरत है अनेक छात्र प्रशासनिक अधिकारी के पद पर एवं आई ए एस आई पी एस पदों पर सुशोभित है इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश ,उड़ीसा ,छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग, दुर्ग संभाग, बिलासपुर संभाग ,रायपुर एवं अन्य संभाग व जिलों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी हजारों की संख्या में शामिल हुए यहां आकर अपने 50 वर्षों की विद्यार्थी जीवन के उतार-चढ़ाव के बारे में अपने अनुभव साझा किए,और अपने-अपने ईष्ट मित्रों से मिलकर भाव विभोर हो गए स्वर्ण जयंती समारोह में उपस्थित देखकर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिसमें सभी भूतपूर्व छात्रों को सम्मानित कर बीच एवं मैडल से स्वागत किया गया जिसमें 1339 छात्रों का पंजीयन हुआ और उन्हें उद्बोधन में छात्र जीवन के बीते हुए पल को सभी के सामने रखा गया बीच-बीच में वर्तमान छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति और कुशल मंच संचालक कमल किशोर ताम्रकार के शेरो शायरी ने कार्यक्रम को खुशनुमा बना दिया।पूर्व छात्रों में श्रीमती पुष्पा दुबे, उषा किरण भोसले, श्यामा भोंसले, शारदा बाबर, मीणा मोर्खे, मंदा मिश्रा, गीता मिश्रा, राजरानी दुबे , डॉ संध्या मिश्रा , जयंती बाबर, तुलसी ताम्रकार, विभा ठाकरे, प्रीति शुक्ला, पिंकी वाघें, मनीष बाघे, ने अपने-अपने अनुभव साझा किया उद्बोधन को द्वितीय सत्र में श्री मुनेंद्र जोशी सेवानिवृत्ति जिला खनिज अधिकारी श्री कांतिलाल जी पत्थर, श्री बोधन नायक, कुंज बिहारी साहू, प्यारेलाल जी दुबे, संपत जैन, श्री गोवर्धन मांझी जी के द्वारा अपने विद्यार्थी जीवन के बारे में अनुभव साझा कियेकार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य वरुण चक्रधारी , शेषनारायण कश्यप, दिनेश लहरी, तोरण नेम, संदीप साहू , पूनम साहू, गोमती पटेल इस स्कूल के छात्र रहे प्राचार्य भूपेंद्र कुमार तिवारी, दुर्योधन मांझी, आलोक राव, वासुदेव नेताम, ईश्वर सिंह चौहान,खीर सिंह नेताम, मोती लाल, केसरी सोनवानी , देवानंद मांडवी, एवं संकुल समन्वय श्री अनंत राम नागेश, भागीरथी नागेश, सुभाष पांडे ,भूषण पांडे, नरेंद्र दीवान, भानु प्रताप सिंह राठौर, किशोर मिश्रा, अजय यादव, दिनेश नेताम, तूपेंद्र मिश्रा, तखत राम कश्यप, टेकराम साहू, परेश्वर ठाकुर अन्य समन्वय साथियों के साथ समस्त शिक्षकों का भी विशेष योगदान रहा जिसमें जयप्रकाश नागेश, सुंदरलाल ध्रुव , बीरबल बघेल, उमेश श्रीवास, तीरथ श्रीवास, प्रेम सिंह चक्रधारी ,अजय सिंह मुकेश सिन्हा, टीकम सिन्हा, जगदीश जैन, कृष्ण कुमार ताम्रकार ,अनिल अवस्थी, अयोध्या राम डांडिया ,हेमलाल जगत, डोमू राम ध्रुव ,थान सिंह मरकाम इस क्षेत्र के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा है

महापौर डॉ सिकरवार ने निगम सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को दी विदाई

ग्वालियर । आज सेवानिवृत्त होने वाले निगम के कर्मचारी निगम के लिये महत्वपूर्ण है। आवश्यकता प?ने पर वह निगम को अपनी सेवायें उपलब्ध करायें और शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। निगम सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारी स्वस्थ्य रहें तथा उनका भविष्य उज्जवल रहे। यह बात महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने गुरूवार को सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित करते हुये कही। कर्मचारियों के विदाई समारोह के अवसर पर पीएफ की राशि बैंक खाते में पहुँचाई गई।

जलविहार स्थित सभाभवन में आयोजित सेवानिवृत कर्मचारियों के विदाई समारोह में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में जनकार्य से ग्यासीराम, संपत्ति कर से देवेन्द्र कुमार डंगरोलिया, बाबा राजे विचारे, संजय जेन, विद्युत से अतिबल सिंह यादव, पार्क से लाल सिंह, गोपाल सिंह, श्रीमती शकुन सफाई सरंक्षक आदि शामिल हैं।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478